दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 240
कोटद्वार मंगलवार
3 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी पर केंद्र सरकार को दी क्लीन चिट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा वर्ष 2016 में की गई नोटबंदी को लेकर उठे सवालों पर सुप्रीम फैसला आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में 1,000 रुपये और 500 रुपये के नोटों को अमान्य करने के सरकार के फैसले को सही ठहराया है। कोर्ट ने इसी के साथ नोटबंदी के खिलाफ दायर 58 याचिकाओं को खारिज कर दिया। नोटबंदी के खिलाफ 3 दर्जन से ज्यादा याचिकाओं की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि इसकी प्रक्रिया में कुछ भी गलत नहीं पाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरबीआई के पास विमुद्रीकरण लाने की कोई स्वतंत्र शक्ति नहीं है और केंद्र और आरबीआई के बीच परामर्श के बाद ही निर्णय लिया गया।

न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-जजों की संविधान पीठ ने इस मामले पर अपना फैसला सुनाया।शीर्ष अदालत का यह फैसला न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना द्वारा सुनाया गया। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने इसमें असहमति जताई। पीठ में जस्टिस गवई और नागरत्न के अलावा जस्टिस




नजीर, ए एस बोपन्ना और वी रामासुब्रमण्यन थे।नोटबंदी को गलत और त्रुटिपूर्ण बताते हुए कांग्रेस नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम ने तर्क दिया था कि सरकार कानूनी निविदा से संबंधित किसी भी प्रस्ताव को अपने दम पर शुरू नहीं कर सकती है, जो केवल आरबीआइ के केंद्रीय बोर्ड की सिफारिश पर किया जा सकता है। बता दें कि नोटबंदी के विरोध में कोर्ट 58 याचिकाओं पर फैसला सुनाएगा। बता दें कि शीर्ष अदालत ने पिछले साल 7 दिसंबर को सरकार और याचिकार्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को निर्देश दिया था कि वे सरकार के 2016 के फैसले से संबंधित रिकर्ड दें। मामले में अटर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, आरबीआई के वकील और याचिकाकर्ताओं के वकीलों, वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम और श्याम दीवान की दलीलें सुनी गईं थी।

एक हलफनामे में केंद्र ने हाल ही में शीर्ष अदालत को बताया कि नोटबंदी की कवायद एक सुविचारित निर्णय था और नकली धन, आतंकवाद के वित्तपोषण, काले धन और कर चोरी के खतरे से निपटने के लिए एक बड़ी रणनीति का हिस्सा था।

### नोटबंदी सही उद्देश्य एवं अच्छी नियत के तहत किया गया था : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी** । केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा नोटबंदी के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी उसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले सभी याचिकाओं को 4रू1 बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के पीठ ने खारिज कर दिया है । सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष को गिरते हुए कहा कि नोटबंदी सही उद्देश्य एवं अच्छी नियत के तहत किया गया था। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नकली करेंसी टेरर फंडिंग काला धन रोकने के लिए नोटबंदी की गई थी और यह फैसला भी सही साबित हुआ। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कोर्ट ने कहा कि आरबीआई एक्ट के 26 टू में कोई उल्लंघन नहीं किया गया है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय प्रक्रिया को सही पाया। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केन्द्र सरकार को अपने आर्थिक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है। एक न्यायमूति नागरतना जी ने इसके खिलाफ दिया है किन्तु उन्होंने कहा कि यह नीति एक अच्टे नियत से लायी गयी थी। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने नोटबंदी के समय एक बड़ा हंगामा खड़ा किया था और राहुल गांधी ने विदेश में भी इस मुद्दे को उठाते हुए देश के बाहर भी भारत का मजाक बनाया। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि विपक्ष खासकर कांग्रेस नोटबंदी के समय जिस तरह से शब्दों को प्रयोग किया वह भी दुर्भाग्यपूर्ण था। नोटबंदी का उद्देश्य गरीब कल्याण और गरीबों की योजना चलाने के साथ ही अर्थव्यवस्था में स्वच्छता अभियान लाने के लिए किया गया था क्योंकि नोटबंदी से पारदर्शिता आई है।

### चंडीगढ़ में सीएम भगवंत मान के घर के पास मिला जिंदा बम मौके पर पहुंची पुलिस

**चंडीगढ़, एजेंसी।** चंडीगढ़ में पंजाब के सीएम भगवंत मान के घर के पास बम मिला है। मौके पर पुलिस बल तैनात है। यह क्षेत्र एक उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है, जिसमें पंजाब और हरियाणा सचिवालय और विधानसभा के अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का भी आवास है। संजीव कोहली, नोडल अधिकारी, डायसेटर मैनेजमेंट, चंडीगढ़ ने बताया कि पुलिस और बम निरोधक दस्ते की मदद से बम को सुरक्षित कर लिया गया है। इलाके की घेराबंदी की जा रही है। आगे की जांच चल रही है।

### राजस्थान में बड़ा रेल हादसा, सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 8 डिब्बे पटरी से उतरे- कई यात्री जख्मी

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। बांद्रा से जोधपुर जाने वाली सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 8 डिब्बे पटरी से उतरे गए। यह हादसा पाली के राजकियावास के पास हुआ। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 17 लोगों को चोट आई है। हालांकि अब तक किसी के जान जाने की सूचना नहीं मिली है। घायल यात्रियों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटनास्थल पर मौजूद एक यात्री ने हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि, मारवाड़ जंक्शन से प्रस्थान करने के पांच मिनट के भीतर ट्रेन के अंदर कंपन की आवाज सुनाई दी और दो-तीन मिनट के बाद ट्रेन रुक गई। हम नीचे उतरे और देखा कि कम से कम आठ स्लीपर क्लास के डिब्बे पटरी से उतरे हुए थे। हालांकि 15 से 20 के अंदर घटनास्थल पर एंबुलेंस, रेलवे की टीम और पुलिस टीम आ गई। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया।हादसे के बारे में जानकारी देते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कप्तान शशि किरण ने बताया कि आज सुबह करीब 330 बजे सूचना मिली कि सूर्यनगरी एक्सप्रेस रजकियावास और बोमदरा के बीच पटरी से उतर गया है।

ट्रेन के करीब 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि किसी जनहानी की सूचना नहीं। उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं. राहत-बचाव कार्य जारी है। महाप्रबंधक- उत्तर पश्चिम रेलवे एवं अन्य उच्चाधिकारी जयपुर स्थित मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

### हरियाणा सरकार ने की विभागों के विलय की अधिसूचना जारी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक दक्षता में सुधार के उद्देश्य से कुछ विभागों का विलय एवं पुनर्गठन कर दिया है और आज इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अब नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा विभाग को विद्युत विभाग के साथ विलय करके नए विभाग का नाम बदलकर ऊर्जा विभाग किया गया है।वन एवं वन्य जीव विभाग तथा पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का विलय कर इसका बदलकर श्पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग किया गया है। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग का पर्यटन विभाग में विलय करके विभाग का नाम बदलकर शविरासत तथा पर्यटन विभाग किया गया है। उच्चतर शिक्षा विभाग तथा तकनीकी शिक्षा विभाग और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग का विलय करके नए विभाग का नाम श्उच्चत्तर शिक्षा विभागकिया गया है।उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रनिक्स तथा संचार विभाग को भंग किया गया है, इस विभाग के कार्यों, इलेक्ट्रनिक्स विनिर्माण व निजी आईटी तथा हारट्रोन को उद्योग तथा वाणिज्य विभागके दायरे में लाया गया है।

### गृहमंत्री अमित शाह ने मांगी रिपोर्ट

## जल्द जांच पूरी करें दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी में नए साल के पहले दिन एक ऐसी भयावह वारदात सामने आई है जिसे सुनकर न केवल लोगों के दिल दहल रहे हैं बल्कि इस पूरी घटना पर तरह-तरह के सवाल भी उठ रहे हैं। एक ओर मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है वहीं इसे लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी ने पुलिस की लचर व्यवस्था के विरोध में राजनिवास घेरने का भी एलान किया है।

कंझावला केस पर गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। अमित शाह ने दिल्ली पुलिस से जल्द रिपोर्ट तैयार कर सौंपने को कहा है।

कंझावला मामले में मृतक लड़की का मौलाना आजाद अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जा रहा है। मेडिकल बोर्ड के द्वारा गठित सीनियर डक्टरों टीम इसमें शामिल है।

सुल्तानपुरी थाना के बाहर लोगों की भीड़ और विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर अर्धसैनिक बल की टुकड़ी को बुलाया गया है। दिल्ली पुलिस के द्वारा लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने अपील की जा रही है।

दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त ल एंड अर्डर डक्टर सागर प्रीत हुड्डा ने कंझावला केस को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि यह



घटना बहुत दुखद है और पुलिस पीड़ित परिवार के संपर्क में है। पीड़िता के शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों युवती को करीबन 12 से 13 किलोमीटर घसीटा था। आरोपियों पर धारा 304, 304-ए, 279 और 120-बी लगाई गई है। जरूरत पड़ने पर और धाराएं जोड़ेंगे।

हुड्डा ने घटना के बारे में बताया कि लड़की को 12 किलोमीटर तक घसीटा गया था। गाड़ी की फरेंसिक जांच कराई जाएगी। जांच अभी शुरूआती दौर में है। इसके अलावा पोस्टमार्टम के बाद मौत की असली वजह सामने आएगी।

कंझावाला केस में पांचों आरोपियों को कोर्ट ने तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा। जबकि पुलिस ने कोर्ट से पांच दिन रिमांड की मांग की थी।

दिल्ली में एक लड़की को 13 किलोमीटर तक अपनी गाड़ी के नीचे घसीटते हुए ले गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का दबाव बनाते हुए आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपराज्यपाल के निवास बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है, साथ ही उन पर काबू पाने के लिए पानी की बौछारें भी की गईं।

मृतका को इंसाफ दिलाने के लिए सुल्तानपुरी थाने के बाहर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने आप विधायक राखी बिड़ला की गाड़ी से तोड़फोड़ कर दी। विधायक मामले की जानकारी लेने के लिए थाने पहुंची थीं। लोगों ने उनके कार का वाइपर तोड़ दिया और बोनट भी पिचका दिया।घटना की भयावहता से आक्रोशित जनता सुल्तानपुरी थाने के बाहर प्रदर्शन कर रही है। प्रदर्शन में महिलाओं की बड़ी संख्या है।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार सुबह ट्वीट कर मामले को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा, कंझावला में हमारी बहन के साथ जो हुआ, वो बेहद शर्मनाक है। मैं उम्मीद करता हूं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मामले में अवसरवादी रवैया न अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा, कंझावला-सुल्तानपुरी में हुई अमानवीय घटना से मेरा सिर शर्म से झुक गया है और दोषियों के राक्षसी असंवेदनहीनता से स्तब्ध हूं।

## रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए अहम भूमिका निभा रहे पीएम मोदी

### वियना में जयशंकर बोले- दोनों नेताओं से हो रही बात

**वियना, एजेंसी।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अस्ट्रिया की राजधानी वियना में सोमवार को कहा कि 150 से ज्यादा अस्ट्रियाई कंपनियां भारत में मौजूद हैं और हम चाहते हैं कि इस संख्या में पर्याप्त रूप से इजाफा हों। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध का भी जिक्र किया और कहा कि मेरे प्रधानमंत्री दोनों नेताओं के संपर्क में हैं। विदेश मंत्री अस्ट्रिया की अपनी आधिकारिक यात्रा पर हैं और दो देशों की यात्रा पर निकले जयशंकर साइप्रस से यहां पहुंचे हैं।

विदेश मंत्री ने वियना में सोमवार को कहा कि हमारा द्विपक्षीय व्यापार 25 बिलियन डलर है और 150 से अधिक अस्ट्रियाई कंपनियां भारत में काम कर रही है। हम चाहते हैं कि इस संख्या में पर्याप्त रूप से इजाफा हों। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि अस्ट्रियाई अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति में काफी वृद्धि हुई है।

विदेश मंत्री ने वियना में अस्ट्रिया गणराज्य के यूरोपीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों के संघीय मंत्री अलेक्जेंडर



शालेनबर्ग द्वारा संयुक्त प्रेस वार्ता में यह बात कही। इस दौरान जयशंकर ने अस्ट्रिया के साथ किए गए समझौतों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत कानूनी प्रवासन और गतिशीलता का एक मजबूत समर्थक है। हम भारतीय कौशल और प्रतिभा के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए एक उचित, कानूनी और समान अवसर चाहते हैं।उन्होंने कहा कि हमने आतंकवाद की वजह से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए पैदा होने वाले खतरों पर बात भी की। जिसमें सीमा पार, हिंसक उग्रवाद, कट्टरता और कट्टरवाद शामिल हैं, उनके प्रभावों को एक क्षेत्र में सीमित नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खास-ाकर तब जब वे नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों के व्यापार और अंतरराष्ट्रीय अपराध से जुड़े हों।

## पूर्व विधायक कपूर के नाम से जाना जाएगा जीजीआईसी कौलागढ़ : सीएम

◆मुख्यमंत्री ने कौलागढ़ के नव निर्मित भवन का किया लोकार्पण
◆स्कूलों में स्मार्टशाला टीवी डिवाइस और स्पोकन इंग्लिश कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कौलागढ़ के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास झड़ीपानी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास कौलागढ़ एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास कोरबा के शिलान्यास के साथ शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए स्मार्टशाला टीवी डिवाइस तथा स्पोकन इंग्लिश कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कौलागढ़ का नाम पूर्व विधायक हरबंस कपूर के नाम से किए जाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। समाज के गरीब एवं वंचित वर्गों के लोगों को भी शिक्षा के लिए पूरे अवसर मिले इसके लिए राज्य में जहां भी आवासीय छात्रावास बनाने की आवश्यकता होगी, इस दिशा में तेजी से प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि देश आजादी के अमृत महोत्सव में प्रवेश कर गया है। आने वाले 25 साल भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमारे नौनिहाल भारत का भविष्य हैं। इनको अच्छी शिक्षा और संस्कार मिले यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत 2023 में जी 20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है। यह देश के लिए 'लोकल फॉर ग्लोबल' को बढ़ावा देने का अच्छा अवसर है। भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अन्तरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष भी




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जीजीआईसी कौलागढ़ के नव निर्मित भवन का किया लोकार्पण करते हुए।

घोषित किया है।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू हो गई है। जिसके तहत 5 हजार बाल वाटिकाओं का संचालन पूरे राज्य में किया जा रहा है। प्रदेश में करीब 11 लाख छात्र-छात्राओं को किताबें, कपड़े, बैग, जूते, एवं अन्य सामग्री सरकार द्वारा मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही। राज्य में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के सभी सरकारी एवं अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को भी मुफ्त में किताबें देने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। राज्य में कक्षा 1 से 8वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को पहले से ही मुफ्त में किताबें दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में 'हमारी विरासत' पुस्तक बच्चों को पढ़ाई जायेगी। इसमें उत्तराखण्ड के महापुरूषों की जानकारी के अलावा राज्य की ऐतिहासिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी बच्चों दी जायेगी। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी, सम्पर्क फाउण्डेशन के सीईओ विनीत नायर, स्कूलनेट संस्था के सीईओ लोकेश बजाज एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## रेलवे की भूमि पर बसे 50 हजार लोगों पर संकट

### हरीश रावत ने मुख्यमंत्री धामी को लिखा खुला पत्र

**देहरादून।** हल्द्वानी की ढोलक बस्ती, बनभूलपुरा आदि स्थानों पर रेलवे की भूमि पर बसे लोगों को हटाने के मामले में पूर्व सीएम हरीश रावत ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को सोशल मीडिया पर खुला पत्र लिखा। कहा, कानूनी पक्ष अपनी जगह सही है, लेकिन मानवीय पक्ष देखते हुए कोई बीच का रास्ता निकालना चाहिए।

कहा कि वर्षों से बसे हुए लोगों को हटाने का रेलवे, प्रशासन, पालिका का निर्णय केवल कानूनी पक्ष नहीं है, यह मानवीय पक्ष भी है। हल्द्वानी



कुमाऊं और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। यहां का सामाजिक सौहार्द हमेशा उच्च स्तर का रहा है।

यदि 50 हजार से ज्यादा लोगों को हटाया जाएगा, तो यह लोग कहां जाएंगे। एक अशांति का वातावरण पूरे हल्द्वानी में और कुमाऊं के अंचल में फैलेगा। सीएम को संबोधित करते हुए कहा कि कड़कड़ाती ठंड में आपने केवल कानूनी पक्ष देखकर या कानून के गलत इंटरप्रिटेशन के आधार पर 50 हजार लोगों से उनकी छत छीनने जा रहे हैं।

कहा कि कुछ लोग आज भले ही चुप हों, जब स्थितियां बिगड़ेंगी तो वह लोग भी सरकार के विवेक पर अंगुली उठाएंगे। हरीश ने कहा कि वह न्यायिक निर्णय पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं, मगर राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर आप (धामी) एक अभिभावक का कर्तव्य निभा सकते हैं। उन्होंने सीएम को रेलवे से बातचीत करने, गोला नदी के किनारे-किनारे रिवरफ्रंट डेवलप कर कुछ अतिरिक्त भूमि निकालकर रेलवे की जरूरत की पूर्ति करने की सलाह दी है।

### देहरादून से पुणे के लिए हवाई सेवा शुरू

**ऋषिकेश।** नव वर्ष पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट को नई हवाई सेवा की सौगात मिली है। यहां जौलीग्रांट से पुणे के लिए इंडिगो ने हवाई सेवा शुरू की है। एक जनवरी से देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट से पुणे के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू हो गई है। बीती रविवार शाम 5ः15 बजे इंडिगो की फ्लाइट यात्रियों को लेकर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंची। जौलीग्रांट एयरपोर्ट से पुणे के लिए इंडिगो के विमान ने यात्रियों को लेकर 6रू15 बजे उड़ान भरी। अब जौलीग्रांट में फ्लाइट की संख्या 19 पहुंच गई है। पहले दिन पुणे से 125 यात्री जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे है और जौलीग्रांट एयरपोर्ट से 132 यात्री पुणे के लिए रवाना हुए।

### तृणमूल कांग्रेस को भ्रष्टाचार से मुक्त करना मेरी प्राथमिकता -ममता बनर्जी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी को भ्रष्टाचार के कीटों से मुक्त बनाना उनका मुख्य लक्ष्य है।

उन्होंने पार्टी की कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, अगर कीट एक धान के पौधे पर भी हमला करता है, तो उसे तुरंत नष्ट कर देना चाहिए क्योंकि वह एक कीट आने वाले दिनों में धान के पूरी फसल को दूषित कर देगा। इसलिए हमें उस कीट को नष्ट करना होगा और यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कीटों के फिर से जीवित होने की कोई संभावना न हो।

बनर्जी ने कहा, बेहतर होगा कि वे इस सावधानी को गंभीरता से लें। नहीं तो हमें अलग तरीके से सोचना होगा।

बनर्जी की टिप्पणी उनके भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी द्वारा रविवार को कोलकाता में नए पार्टी कार्यालय के शिलान्यास समारोह में अपने संबोधन के ठीक एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा कि तृणमूल में कोई भी व्यक्ति भ्रष्टाचार में शामिल होने का दोषी पाया गया, तो उसे तुरंत बाहर का दरवाजा दिखाया जाएगा।उन्होंने कहा, पिछले साल जून में जलपाईगुड़ी जिले की एक रैली में मैंने नई तृणमूल कांग्रेस के उभरने की बात कही थी।

# मयाली और मनसूना में 31 जनवरी तक लगाए कम्पैक्टर मशीन

## पानी के स्त्रोतों के आसपास किसी भी दशा में कूड़ा निस्तारण के गड्ढे न बनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी ने जनपद को प्लास्टिक अपशिष्ट एवं ठोस तरल अपशिष्ट के उचित निस्तारण हेतु विकासखंड जखोली के मयाली एवं विकासखंड ऊखीमठ के मनसूना में बनाए जा रहे कम्पैक्टर प्लान के लिए जो भी शेष कार्य रह गए हैं उन कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए 31 जनवरी तक दोनों स्थानों में कम्पैक्टर मशीन लगाने के निर्देश परियोजना प्रबंधक स्वजल को दिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से एकत्र होने वाले प्लास्टिक अपशिष्ट एवं ठोस व तरल अपशिष्ट का निस्तारण किया जा सके। डीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक एवं अजैविक कूड़े के निस्तारण हेतु जो गड्ढे बनाए जा रहे हैं उनका यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने, पानी के स्त्रोतों के आसपास किसी भी दशा में कूड़ा निस्तारण के गड्ढे न बनाने के निर्देश दिए।




जनपद में ठोस एवं तरल अपशिष्ट के उचित प्रबंधन हेतु जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाले कूड़े के उचित निस्तारण हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, उद्यान एवं पशुपालन विभागों के जो वाहन ग्रामीणों में बीज वितरण एवं अन्य उपकरण सामग्री के लिए क्षेत्र में जाते हैं आते समय उन वाहनों के माध्यम से भी एकत्र किए गए प्लास्टिक अपशिष्ट को लाने हेतु संबंधित विभागों को आदेश निर्गत करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को कहा। जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक को जनपद में जो भी सामुदायिक शौचालय बनाए गए हैं एवं जिन सामुदायिक शौचालय में पानी के संयोजन नहीं हैं उनकी सूची जल निगम एवं जल संस्थान को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यात्रा संचालन होने से पूर्व सभी सामुदायिक शौचालयों में हर हाल में पानी के संयोजन कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, परियोजना निदेशक डीआरडीए रमेश चंद्र, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसाद सिमल्टी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीएस गुसांई, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, अधि.अभि. जल संस्थान संजय सिंह, पेयजल निगम नवल कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों की तुलना किसी से न करें : गैरोला

चमोली : नगर के ईड़ा-बधाणी में संचालित द इंडियन एकेडमी के वार्षिक स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम में बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ चमोली के मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला एवं नेशनल एथलीट मानसी नेगी ने किया। इस मौके पर मानसी नेगी ने कहा कि अभिभावक और शिक्षक बच्चों में खेल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करें। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की ड्रिल्स, योगा एवं ताइक्वांडो का प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यक्रम में अध्यापिका प्रियंका रावत को टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड एवं मारूत हाउस को हाउस ऑफ दी ईयर से पुरुस्कृत किया गया। टग ऑफ वार में पृथ्वी हाउस ने पहला स्थान प्राप्त किया। सीईओ गैरोला जी द्वारा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि वे अपने बच्चो की तुलना किसी से बिल्कुल न करें एवम हर बच्चे को ईश्वर ने अलग प्रकार की इंटेलिजेंस प्रदान की है।

# विस्थापन की मांग को लेकर धरना जारी

नई टिहरी : बांध प्रभावित तल्ला उप्पू के ग्रामीणों का विस्थापन की मांग को लेकर 20वें दिन धरना जारी रहा। ग्रामीणों की मांग पर कोई कार्यवाही न होने से ग्रामीणों शासन-प्रशासन के प्रति रोष बना है। बांध प्रभावित तल्ला उप्पू की ग्राम प्रधान सुशीला चौहान ने कहा विस्थापन की मांग को लेकर तल्ला उप्पू के ग्रामीण पिछले 20 दिनों से धरने पर बैठे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से उनकी मांग पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही है, जिससे ग्रामीणों भारी रोष व्याप्त है। कहा वर्ष 2007 में उनकी कृषि भूमि बांध की झील में डूब चुकी है, अब ग्रामीणों के पास कस्तकारी के लिये भूमि नहीं बची है, ग्रामीण बीते कई वर्षों से विस्थापन की मांग करते आ रही है, लेकिन उनकी मांग पर कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा जल्द




ग्रामीणों की मांग का उचित समाधान नहीं होता है, तो ग्रामीणों उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा,जिसके जबाबदेई पुर्नवास विभाग और प्रशासन की होगी। धरने पर बैठने वालों में भरत सिंह नेगी, चतुदर्शी देवी,रुकमा देवी, महावीर चौहान,साब सिंह नेगी, प्रदीप रावत, कौशल्या देवी, लक्ष्मी नेगी, लक्ष्मी नौटियाल, विक्रम राणा, पूर्णा देवी, भवानी देवी, सीता देवी, पूर्ण सिंह नेगी, सरत सिंह, राजेंद्र प्रसाद, भवानी देवी, बुद्धा देवी विजय सिंह आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

# रैली के जरिए स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




ऋषिकेश। ऋषिकेश के विभिन्न विद्यालयों में एनएसएस शिविर लगाया गया। इसके तहत स्वयंसेवियों ने क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। सोमवार को श्री लाल बहादुर शास्त्री जूनियर हाईस्कूल ढालवाला में श्री पूर्णानंद इंटर कॉलेज मुनिकीरेती के एनएसएस शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ समाजसेवी वीरेंद्र पोखरियाल ने किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य समाज में विभिन्न सकारात्मक कार्यों के लिए जागरूकता लाना और समाजसेवा करना है। शिविर के तहत स्वयंसेवियों ने ढालवाला क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को जागरूक किया। मौके पर जयकृत रावत, योगसूत्र के संस्थापक योगी अनिल बिजल्वाण, प्रियंका भट्ट, जयवीर सिंह नेगी, अजीत पाल सिंह, उप प्रधानाचार्य संदीप मोहन, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी चंद्र मोहन सिंह रौथाण, डॉ. विवेकानंद शर्मा, उत्तम सिंह नेगी, पूजा नौटियाल, प्रतिभा रावत, वीरेन्द्र दत्त कुडियाल, विशाल, कुलवीर बुटोला आदि उपस्थित रहे। उधर, राइंका आईडीपीएल के एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी मनोज गुप्ता के नेतृत्व में दयानंद घाट से लेकर शमशान घाट, नाव घाट, दत्तात्रेय घाट, त्रिवेणी घाट तक रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## सड़क निर्माण में अनियमितताओं का आरोप

विकासनगर। पीएमजीएसवाई डिवीजन कालसी के अधीन चांदनी डेरसा प्यूनल मोटर मार्ग पर ग्रामीणों की अनियमितता की शिकायत पत्र पर क्षेत्रीय विधायक ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को डीपीआर और मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जेपीआरआर राष्ट्रीय राजमार्ग त्यूणी के पास से चांदनी डेरसा प्यूनल के लिए 18 किलोमीटर लम्बा मोटर मार्ग 2019 से कार्य प्रारंभ हुआ। जिसे 2022 में पूर्ण करना था। ठेकेदार ने पीएमजीएसवाई अधिकारियों के बिना संज्ञान लिए गुपचुप तरीके से 31 दिसंबर को रोड पास करने बस त्यूणी लगाई गई। ग्रामीणों को भनक लगते ही विभागीय अधिकारियों जनप्रतिनिधिओ को अवगत कराकर सड़क पर आधा अधूरा कार्य और अनियमितताओं की शिकायत कर विरोध दर्ज किया।

# कोतवाल का घेराव कर क्षेत्र में देह व्यापार के अवैध धंधे पर रोक लगाने की मांग

विकासनगर। व्यापार मंडल विकासनगर के व्यापारियों ने सोमवार को कोतवाल का घेराव कर नगर क्षेत्र को देह व्यापार का अड्डा बनने से रोकने की मांग की है। बताया कि नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर देह व्यापार का धंधा जोरों पर है। जिससे आम व्यापारी परेशान हैं। व्यापारियों ने इस मामले कोतवाली पुलिस से व्यापक स्तर पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता और महामंत्री भारत कालरा के नेतृत्व में व्यापारियों ने कोतवाली पहुंचकर घेराव किया। इस दौरान व्यापारियों ने बताया कि विकासनगर बाजार में जल संस्थान कार्यालय के समीप एक मिठाई की दुकान और उसके आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर देह व्यापार का धंधा किया जा रहा है। यही नहीं देह व्यापार करने और कराने वालों ने कुछ होटलों में डेरा डाला रहता है। कहा कि कई होटलों में इस तरह के कारनामों को आश्रय दिया जा रहा है। कहा कि बाजार में होटलों और दुकानों के आसपास लोगों के घर भी हैं। लेकिन अनैतिक देह व्यापार के धंधे ने नगर क्षेत्र का माहौल खराब कर दिया है। होटलों और दुकानों के आसपास रहने वाले लोगों और उनके परिवारों, व्यापारियों का जीना मुहाल हो गया है।



## कल्पक्षेत्र उर्गम की समस्याओं के निस्तारण की मांग की

चमोली : जनदेश सामाजिक संगठन ने कल्पक्षेत्र उर्गम की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की है। संगठन की ओर से जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में फ्यूंलानारायण मंदिर में विद्युतीकरण करने सहित अन्य मांगें की है। संगठन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह की ओर से दिए ज्ञापन में कहा है कि कल्पक्षेत्र उर्गम घाटी में पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं। लेकिन यहां कुछ मुलभूत दिक्कतों के चलते पर्यटन गतिविधियां तेज नहीं हो पा रही हैं। क्षेत्र के प्रसिद्ध फ्यूंलानारायण मंदिर में विद्युतीकरण की व्यवस्था की जाए। हेलंग-उर्गम सड़क के तृतीय फेज के कार्यों को स्वीकृति दिलाने के लिए शासन से पत्राचार किया जाए। पंच केदार कल्पेश्वर मंदिर में दो साल से पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त है। जिससे मंदिर में पेयजल को लेकर समस्या बनी रहती है। क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक करवाकर पेयजल आपूर्ति सुचारू कराई जाए। भूस्खलन के चलते उर्गम गांव के 44 अनुसूचित जाति के परिवार खतरे की जद में हैं। उनके पुनर्वास की कार्रवाई की जाए। (एजेंसी)

## रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

ऋषिकेश। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ राजकीय इंटर कॉलेज आईडीपीएल वीरभद्र के विशेष आवासीय शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण रैली निकाली। इस दौरान केंद्र सरकार के चंद्रभागा स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण भी किया। सोमवार को जनजागरूकता रैली त्रिवेणीघाट से शुरू होकर मायाकुंड, बंगाली बस्ती, चंद्रभागा आदि क्षेत्रों से निकली। रैली के माध्यम से एनएसएस के स्वयंसेवियों ने विभिन्न स्लोगन के माध्यम से गंगा और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। चंद्रभागा स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कर सीवरेज प्लांट कैसे काम करता है उसे देखा। प्लांट कर्मियों ने स्वयंसेवियों को बताया कि किस प्रकार सीवेज के गंदे पानी को स्वच्छ बनाकर उसका उपयोग किया जाता है।

# डीएम ने मानव दिवस सृजन लक्ष्य बढ़ाने पर जोर दिया, 26 जनवरी को ग्राम प्रधान होगें सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराए जाने के लिए मानव दिवस सृजन लक्ष्य बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बनाए गए अमृत सरोवरों के पानी के उचित संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए उनके उचित रख-रखाव हेतु जो भी ग्राम प्रधान जिम्मेदारी लेते हैं ऐसे तीनों विकासखंडों से बेहतर ढंग से कार्य करने वाली एक-एक ग्राम पंचायतों को चिन्हित करें, ताकि उन ग्राम प्रधानों को 26 जनवरी के अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा सके।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा योजना, आजीविका पैकेज, अमृत सरोवर, बायोगैस, विधायक निधि, पीएम आवास, एनआरएलएम आदि योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने मनरेगा के तहत जो भी कार्य किए जा रहे हैं उन कार्यों को शीघ्रता से शीघ्र पूर्ण करने, आजीविका पैकेज के तहत किए जा रहे कार्यों को भी शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। डीएम ने बायोगैस प्लांट कार्यक्रम के तहत जो भी बायोगैस संयंत्र निर्मित किए जा रहे हैं उनके लिए परियोजना निदेशक डीआरडीए एवं जिला विकास अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण करने, मेरा गांव मेरी सड़क योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामीण सड़कों में जो भी निर्माण किए जा रहे हैं उन्हें जल्द से जल्द कार्य पूर्ण को कहा। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी आवास स्वीकृत हुए हैं उन्हें तत्परता से पूर्ण करें तथा जो आवास अपूर्ण हैं उन पर यथोचित कार्यवाही करें। उन्होंने सीसीएल पत्र जो बैंकों को दिए जाते हैं उन प्रार्थना पत्रों पर तत्परता से आवश्यक कार्यवाही करने, लखपति दीदी योजना के तहत समूह से जुड़े परिवारों की आय बढ़ाने, स्थायी आय के साधन जुटाने के लिए इस दिशा में बेहतर ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में जनपद को 986 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष 976 आवासों को पूर्ण 98.99 प्रतिशत की लक्ष्य प्राप्त की गई है। अवशेष 10 आवासों में से भारत सरकार द्वारा 6 आवासों का रिसफल लक्ष्य दिसंबर 2022 में प्राप्त हुआ है जिन पर स्वीकृति जारी की गई है एवं 2 आवासों पर कार्य जारी है तथा 2 आवास माह मार्च-2023 तक पूर्ण किए जाएंगे। बैठक में जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, परियोजना निदेशक डीआरडीए रमेश चंद्र, खंड विकास अधिकारी अगस्तयमुनि प्रवीण भट्ट, जखोली सूर्य प्रकाश शाह, ऊखीमठ दिनेश मैठाणी, डिस्ट्रिक्ट थीमेटिक एक्सपर्ट योगेश चंद्र, ग्रामीण वित्त समन्वयक नंद किशोर थपलियाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कोहरे और ठंड की चपेट में पछुवादून

विकासनगर। सोमवार को एक बार फिर कोहरे ने समूचे पछुवादून को अपनी आगोश में ले लिया। रात खुलते ही पूरा पछुवादून कोहरे की चादर में लिपट गया। जिसके चलते कड़ाके की ठंड ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी। कोहरे के कारण हाईवे से लेकर गांव मोहल्लों और कस्बों की सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। कोहरे और कड़ाके की ठंड के चलते सुबह दस बजे तक लोग घरों में ही दुबके रहे।



इस दौरान लोगों को अंगीठी और हीटर का सहारा लिया। पछुवादून क्षेत्र के डाकपत्थर, विकासनगर, हरबर्टपुर, सहसपुर, सेलाकुई, सुद्धोवाला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार सुबह दस बजे तक कोहरा छाया हुआ था। कोहरे के चलते लोगों वाहनों की लाइटों को जलाकर चलना पड़ा। हाईवे से लेकर ग्रामीण कस्बों, गली मोहल्लों की सड़कों पर यातायात पूरी तरह से प्रभावित रहा। सड़कों पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। पछुवादून में सुबह के समय तापमान दस से बारह डिग्री तक रहा। कड़ाके की ठंड के मारे लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए। घरों के अंदर ही लोग रजाइयां ओढ़कर हीटर व अंगीठी के सहारे ठंड से बचाव करते रहे। सुबह दस बजे तक बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। बाजारों में आवाजाही लगभग ठप रही।

## डॉ नरपिंदर बने ग्राफिक एरा के नए कुलपति

देहरादून। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के नये कुलपति के रूप में दुनिया के मशहूर फूड साईंटिस्ट डॉ नरपिंदर सिंह ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। वेब ऑफ साईंस की दुनिया के प्रमुख एक प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल डॉ नरपिंदर सिंह जापान, अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के नामचीन विश्वविद्यालयों से जुड़े रहे हैं। शिक्षा और शोध के क्षेत्र में अनेक राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजे गए डॉ सिंह ने 33 वर्षों में इस क्षेत्र में एक बहुत बड़ा मुकाम हासिल किया है। डॉ नरपिंदर सिंह को शोध पत्रों के मामलों में गूगल स्कॉलर में 83 का एच इंडेक्स हासिल करने का गौरव प्राप्त है।

# मंत्री ने श्रीराम तपस्थली में लगाया ध्यान



ऋषिकेश। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने श्रीराम तपस्थली स्थित गुफा के भीतर ध्यान लगाया। उन्होंने ऋषिकेश में अध्यात्म, आयुर्वेद और योग को बढ़ावा देने पर बल दिया। सोमवार को मंत्री अग्रवाल ब्रह्मपुरी स्थित श्रीराम तपस्थली में श्रीराम गुफा में पहुंचे। वहां उन्होंने ध्यान लगाया। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर भगवान श्रीराम ने भी ध्यान लगाया था। उन्होंने कहा कि अध्यात्म, ध्यान और तप में बहुत शक्ति है। इसके जरिए आसपास के वातावरण को स्वच्छ और निर्मल बनाया जा सकता है। मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ जन सुनवाई का आयोजन, 76 शिकायतें प्राप्त

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया आज जनसुनवाई में 76 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। आज प्राप्त शिकायतों में भूमि कब्जा, अतिक्रमण, शस्त्र लाईसेंस नवीनीकरण, सिंचाई गूल पर अतिक्रमण, पेयजल एवं सीवर कार्यों के उपरान्त सड़क का समतलीकरण किए जाने, आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त परिसर का आंगणन कराने, भारतीय नागरिकता हेतु किए गए आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करने, विद्युत बीजक माफ करने आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने जनमानस की समस्या के निस्तारण हेतु प्रत्येक जनसुनवाई तथा तहसील दिवस पर एमडीडीए, नगर निगम, पुलिस सहित सम्बन्धित समस्त विभाग जिनसे सम्बन्धित अधिक शिकायतें प्राप्त होती हैं को तहसील दिवस में भी प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया साथ ही वन विभगा के अधिकारियों रोस्टरवार जनसुनवाई में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। साथ समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्र में जो भूमि अतिक्रमणमुक्त की गई का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करें। पिछले सप्ताह आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त सुश्री मंचल बाला आराघर हरिद्वार रोड की शिकायत जिसमें उन्होंने जलसंस्थान द्वारा पेयजल लाईन बिछोये जाने के दौरान नालिया बन्द होने की शिकायत पर जलसंसथान को निर्देशित किया जाने पर भी निस्तारण न होने तथा शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत को दुबारा लेकर पंहुचने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जल संस्थान के सम्बन्धित अभियन्ता का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। बंजारावाला में पेयजल हेतु खोदी गई सड़क को समतलीकरण करने की शिकायत पर जल संस्थान के अधिकारियें को रोड़ ठीक करने के निर्देश दिए।



इसी प्रकार आशियाना विहार कालोनी टर्नर रोड अतिक्रमण की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एमडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी एक–दूसरे पर बात न टालें बल्कि त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटायें।

## दीवा माता की मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने तोड़ा, जांच में जुटी पुलिस

**पौड़ी** : विकासखंड बीरोंखाल के अंतर्गत गर्भ गुफा भंडारा सेरा उच्च श्रृंखला में दीवा माता की मूर्ति को नये साल में अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा कर खंडित कर तोड़ दी हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त हैं। मंदिर समिति के सदस्यों ने थाना धुमाकोट में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मौंक पर पंहुची धुमाकोट पुलिस ने अपने स्तर से कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी हैं।गर्भ गुफा भंडारा सेरा दीवा मदिंर समिति के अध्यक्ष रघुबीर सिहं पटवाल, कोषाध्यक्ष अरूण पोखरियाल बीडीसी सदस्य बलदीप रावत ने बताया कि रविवार नये साल पर डांग निवासी दीपक कुवर जब गुर्भ गुफा भंडारा सेरा में पूजा करने गए तो वहां खंडिक मूर्ति देखकर वह हैरान रह गए। किसी ने दीवा माता की मूर्ति को तोड़ कर आग लगाकर उसे खंडित कर दिया था। जिसकी सूचना उन्होनें दीवा मंदिर समिति के सदस्यों को दी। मौके पर पंहुचे पदाधिकारीयों ने बताया कि दीवा माता की मूर्ति को अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा कर खंडित कर दी हैं। धुमाकोट थानाध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि दीवा मंदिर समिति के लोगों की सूचना पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# कृषि मंडी ने कौड़िया चैक पोस्ट पर रुकवाए सब्जी से भरे वाहन

### शहर में सब्जी बेचने वालों पर लगाया कृषि मंडी समिति को टेक्स न देने का आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नजीबाबाद मंडी से सब्जी लेकर आने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कोटद्वार कृषि मंडी समिति ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। कृषि मंडी के अधिकारी व कर्मचारियों ने सोमवार सुबह नजीबाबाद से आ रहे सब्जियों के वाहनों को कौड़िया चैक पोस्ट पर ही रोक दिया। कहा कि शहर में सब्जी बेचने वालों को कोटद्वार कृषि मंडी से ही सब्जी खरीदनी होगी। इस दौरान काफी हंगामा भी देखने को मिला।

सरकारी की ओर से कोटद्वार के खुनीबड़ में कृषि मंडी का निर्माण करवाया गया है। बावजूद इसके सब्जी विक्रेता कोटद्वार मंडी से सब्जी खरीदने के बजाय नजीबाबाद मंडी से सब्जी लेकर आते हैं। ऐसे में कोटद्वार कृषि मंडी को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। सोमवार सुबह कौडिया चैक पोस्ट पर पहुंचे कृषि मंडी के कर्मचारी व अधिकारियों ने नजीबाबाद से सब्जी लेकर आ रहे वाहनों को रूकवाते हुए सब्जी विक्रेताओं का विरोध किया। अधिकारियों ने कहा कि कोटद्वार में सब्जी बेचने वालों को कोटद्वार मंडी से ही सब्जी खरीदनी होगी। अधिकांश सब्जी विक्रेता बिना टेक्स दिए ही सब्जी बेच रहे हैं। जिससे कृषि मंड़ी को नुकसान हो रहा है। इस दौरान सब्जी विक्रेताओं ने कृषि मंडी के अधिकारी व कर्मचारियों पर उनके शोषण का आरोप लगाया।

कहा कि कोटद्वार कृषि मंडी में उन्हें महंगे दामों में सब्जी उपलब्ध करवाई जाती है। जबकि, यह सब्जी ताजी भी नहीं होती। हालांकि कुछ देर बाद सब्जी विक्रेता जबरन अपने वाहनों को शहर में लेकर आ गए थे। कृषि मंडी के अध्यक्ष सुमन कोटनाला ने बताया कि स्थानीय सब्जी विक्रेताओं के लिए कृषि मंडी का निर्माण करवाया गया है। इससे स्थानीय काश्तकारों की ओर से उत्पादित की गई सब्जियों को भी बाजार उपलब्ध होगा। इस संबंध में जल्द ही सब्जी विक्रेताओं की बैठक ली जाएगी।



कोटद्वार के कौड़िया चैक पोस्ट पर नजीबाबाद मंडी से सब्जी लेकर पहुंचे विक्रेता।

# अनमोल शामः बेड़ू पाको बारो बासा..

### संदेश कला सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** संदेश कला सांस्कृति एवं सामाजिक संस्था की ओर से आयोजित अनमोल शाम में गढ़ संस्कृति की छटा देखने को मिली। लोक गीत कलाकारों की मधुर प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रविवार देर शाम मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर हेमलता नेगी व पूर्व कबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि ने युवाओं से अपनी संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण के लिए कार्य करने की अपील की।

इस दौरान दौरान लोक गायक संजय रावत ने 'बेड़ू पाको बारो बासा..', 'क्रीम पौडरा घिसनी किले न..', 'पौड़ी की बांद..','कांछी रे कांछी रे..', लोक गायिका शकुंतला बुड़ाकोटी ने ,'म्यारा दियूरा मोहना..', 'भुजे जाला चूड़ा..', 'मैणा धस्यारी..', बाल गायक अनिरुद्ध बौंठियाल ने 'शिवजी का कैलाश..', सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं, अमरोहा से पहुंचे गायक मुनव्वर अली ने मोहम्मद रफी ने 'आजा तुझको पुकारे मेरे गीत रे..', 'तुम मुझे भुला न पाओगे..', 'बड़ी दूर से आए हैं..', गीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर महिला कांग्रेस की महामंत्री रंजना रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख गीता नेगी, विपिन डोबरियाल, प्रकाश गढ़वाली, नवीन सिंह, ऋषि ध्यानी आदि मौजूद रहे।




कोटद्वार में आयोजित अनमोल शाम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

# योग से निरोग रहने का दिया संदेश

### राजकीय इंटर कालेज बल्ली में आयोजित किया गया शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** राजकीय इंटर कालेज बल्ली में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने योग से निरोग रहने का संदेश दिया।

शिविर में प्रधानाचार्य युग जीत चंद्र सेमवार ने विद्यार्थियों को नैतिकता व अनुशासन के महत्व की जानकारी दी। कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को अनुशासन सिखाता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ विद्यालय में होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गढ़वाली–कुमाऊंनी लोक गीतों पर भी अपनी प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए योगाभ्यस को दर्शकों ने काफी सराहा।



इंटर कालेज बल्ली में योग की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से भी अपने जीवन में योग को अपनाने की अपील की गई। कहा कि योग से हम अपने शरीर को निरोग बना सकते हैं।

इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी गोविंद सिंह खत्री, ग्राम सभा चौंडली के प्रधान सुनील सिंह नेगी, जगदीश प्रसाद, पवन भारद्वाज, दरबान सिंह नेगी, सुषमा रावत, शिवनाथ सिंह, विजयपाल रावत, हरिश्चंद्र भारती आदि मौजूद रहे।

## सांख्यिकी विभाग में घुसा कोबरा, मचा हड़कंप

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित सांख्यिकी विभाग में कोबरा सांप मिलने से हड़कंप मच गया। किसी तरह प्रयास करने बाद कोबरा को विभाग से भगाया गया। गनीमत यह रही कि इन दिनों गढ़वाल विवि में छुट्टियां पड़ी होने के कारण विभाग में छात्र-छात्राएं नहीं थे। जिसके चलते विभागों में छात्रों की आवाजाही नहीं हो रही है। इनवायरमेंट साइंस के पीएचडी स्कॉलर अक्षय सैनी ने बताया कि अपने विभाग के लिए जाते समय सांख्यिकी विभाग में कोबरा सांप दिखाई दिया। कोबरा दिखने की खबर लगते ही हड़कंप मच गया। जिसके बाद उसे भगाने की कोशिश की गई, लेकिन वह विभाग के एक कक्ष में जा घुसा। जिसके बाद कक्ष में फिनाइल का छिड़काव करने के बाद वह वहां से निकलकर फिर झांडियों में जा घुसा। (एजेंसी)

# भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने नवनियुक्त जिले के पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की अपील की। सोमवार को बदरीनाथ मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हितों को लेकर कार्य कर रही है। जन–जन तक सरकार की योजनाएं पहुंचे इसके लिए कार्यकर्ताओं को आगे बढ़कर कार्य करना होगा। कहा कि जिले की कार्यकारणी गठित होने के बाद अब जल्द ही ही मंडल अध्यक्षों की भी घोषणा की जाएगी। इस मौके पर उमेश त्रिपाठी, दर्शन सिंह, आशा बनियाल, गजेंद्र धस्माना, सुरेंद्र विजलवान, नंद कुकरेती, अनीता उपाध्यक्ष, पिंकी खंतवाल, आश बलूनी, चंद्रमोहन जसोला, दीनदयाल कंडारी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में जिले के नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष।

## नागरिक मंच ने उठाई समस्याएं

**कोटद्वारः** नागरिक मंच ने शहर में केंद्रीय विद्यालय खुलवाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। कहा कि शहर में पिछले कई वर्षो से समस्याएं जस की तस बनी हुई है। व्यापार मंडल सभागार में मंच की बैठक आयोजित की गई। सदस्यों ने कण्वाश्रम का बेहतर विकास, मेडिकल कालेज, केंद्रीय विद्यालय, लालढांग-चिल्लरखाल मोर मार्ग, बस अड्डा निर्माण सहित कई मुख्य समस्याओं पर चर्चा की। सदस्यों ने कहा कि नागरिक मंच लगातार जन समस्याओं को उठा रहा है। बाजवूद इसके समस्याएं जस की तस बनी हुई है। कोटद्वार से बंद रेलवे सेवाएं भी अब तक बहाल नहीं की गई हैं। संगठन ने पुलिस से शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के साथ ही रेहड़ी-ठेलियों के पंजीकरण की मांग उठाई। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नैथानी, महासचिव अतुल सिंह, पूरण सिंह रावत, गोविंद डंडरिया, प्रवेश नवानी, हरीश मेंदोला, दिनेश जुयाल, सुबोध देवरानी आदि मौजूद रहे।

## मलेथा में मेला आज से, विधायक कंडारी करेगें उदघाटन

श्रीनगर गढ़वाल : मलेथा में वीर शिरोमणि माधो सिंह भंडारी स्मृति मेला मंगलवार से शुरू होगा। मेले का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी करेंगे। मेला समिति के शूरवीर सिंह बिष्ट ने बताया कि तीन जनवरी को माधो सिंह भंडारी स्मारक में पूजा अर्चना की जाएगी। साथ ही पूर्व सैनिक व स्कूल के बच्चों एवं ग्रामवासियों की ओर से मेला स्थल तक मार्च पॉस्ट किया जाएगा। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 4 जनवरी को माधो सिंह भंडारी नृत्य नाटिका का मंचन एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा कहा मेले का समापन सात जनवरी को किया जाएगा। (एजेंसी)

## शैक्षिक भ्रमण में जुटाई जानकारियां

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** विकास खंड दुगड्डा के इंटर कालेज पोखरी अजमीर के छात्र–छात्राओं ने देहरादून स्थित कई स्थानों का शैक्षिक भ्रमण किया और जानकारियां जुटाई।

तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के प्रथम दिवस पर छात्रों को ओएनजीसी स्थित सुबीर राहा आयल संग्रहालय का भ्रमण करवाया गया। जहां ओएनजीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने छात्रों को म्यूजियम दिखाने के साथ ही जानकारियां भी उपलब्ध कराई। द्वितीय दिवस पर छात्रों को लच्छीवाला पार्क का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने वन्यजीवों व उत्तराखंड की सभ्यता व धरोहर से संबधित संग्रहालय देखा। तृतीय दवस पर छात्रों ने स्वामीराम हिमालयन अस्पताल पहुंचकर वहां की लैब देखी। इसके बाद छात्र विज्ञान धाम पहुंचे। विज्ञान धाम में छात्रों को ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को क्षति कैसे पहुंच रही है और हमें पृथ्वी को कैसे बचाना है, विषय पर चलचित्र दिखाया गया।विज्ञान धाम के विशेषज्ञों गंगा सिंह रौतेला, कैलाश भारद्वाज, ओमप्रकाश रावत व पंकज रावत ने बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया। शैक्षिक भ्रमण में प्रधानाचार्य मनवर लाल भारती, शिक्षक उषा नौटियाल, नितेश सिंह व विक्रमलाल आदि शिक्षक शामिल रहे।

# महोत्सव के लिए इंटर कालेज सेधीखाल का दल हुआ रवाना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बैंगलुरू में 5 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान ड्रामा महोत्सव में नार्थ जोन से उत्तराखंड का नेतृत्व करने के लिए जयहरीखाल ब्लाक के राजकीय इंटर कालेज सेंधीखाल का दल रवाना हो गया है। दल में प्रतिभाग करने वाले आठ छात्र–छात्राओं सहित टीम लीडर दौलत सिंह गुंसाई व सहायक टीम लीडर सत्यपाल सिंह रावत शामिल हैं। दल को राजकीय इंटर कालेज से पुष्पमाला से अभिनंदन के साथ रवाना किया गया। दल को रवाना करने वालों में राइंका सेंधीखाल के प्रधानाचार्य साधो सिंह बिष्ट, राइंका कोटद्वार के प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत, मुकेश भंडारी और छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।



कोटद्वार से बैंगलुरू के लिए रवाना होती टीम।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल द्वारा जनपद के समस्त न्यायालयों में आगामी 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में लंबित विभिन्न वाद का निस्तारण किया जाएगा।

सीनियर सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी अकरम अली ने बताया कि आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित फौजदारी के शमनीय मामले, धारा 138 एनआई एक्ट मामले, धन वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम विवादों से संबंधित सभी मामले, अन्य दिवानी वाद (किराया, व्यादेश विर्निर्दिष्ट अनुपालन वाद सुखाधिकार वाद), सेवा संबंधि मामले, राजस्व वाद जो जिला न्यायालयों में लंबित हो, भूमि अधिग्रहण से संबंधित बिजली-पानी बिल सहित अन्य वादों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराये जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि न्यायालयों में अब तक न पहुंचे चैक बाऊंस के प्रकरण, बैंक वसूली, श्रम संबंधी विवाद, बिजली-पानी बिल, भरण-पोषण वाद व अन्य वादों को भी समझौते के आधार पर निस्तारित कराये जा सकते हैं।

कहा कि कोई भी व्यक्ति जिनका उपरोक्त प्रकार का मामला लंबित है या न्यायालय में पहुंचने वाला है, वह जिला न्यायालय तथा संबंधित न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करा सकते हैं।

# गुलदार के हमले में घायल महिला हुई रेफर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** एकेश्वर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पांथर निवासी गुलदार के हमले में घायल महिला को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार से रेफर कर दिया है। जंगल में घास लेने गई महिला पर रविवार को गुलदार ने हमला किया था।

रविवार को पुष्पा देवी (46) पत्नी राकेश रतूड़ी गांव की महिलाओं के साथ जंगल में चारा पत्ती लेने गई हुई थी। इसी दौरान गुलदार ने उनपर हमला कर दिया था। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांवखाल से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार रेफर किया गया। सोमवार को महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया गया।

# श्रीनगर के 19 छात्र करेगें प्रतिष्ठित कंपनी में इंटर्नशिप

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड श्रीनगर के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी के प्रयासों से बीटेक के 19 छात्राओं को शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में इंटर्नशिप का प्रस्ताव मिला है। पहली बार एक साथ इतने छात्रों को औसतन पचास हजार रूपये के मासिक पारिश्रमिक पर इंटर्नशिप का प्रस्ताव मिला है। इसमें से 12 छात्र जनवरी 2023 से अपना इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करेंगे। इनमें बीटेक इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग (ईसीई) से दुदेकुला रेशमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से कुणाल अश्वनी और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग से सचिन शाह को संस्थान से सर्वोच्च पैकेज पर चुना गया है। इसके अलावा कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अनुज सक्सेना, पूर्वी गोयल इलेक्ट्रानिक्स विभाग के अभिनव भटनागर और कंम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग से नेहा ध्यानी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग से अपूर्व अरोड़ा और सिविल इंजीनियरिंग विभाग से पीयूष कुमार कंबोज, कंम्प्यूटर सांइस एंड इंजीनियरिंग विभाग से अनुपम पंवार और हर्ष सिंह चौहान, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से अफजल अली का चयन अलग-अलग पैकेज के साथ प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है। एनआईटी के निदेशक प्रो. अवस्थी ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल नौकरी तलाशने वाला ही नहीं बल्कि नौकरी निर्माता उत्पन्न करने पर है। कहा इस अभियान को लेकर संस्थान के छात्रों के लिए 4-8 जनवरी 2023 के दौरान उद्यमिता और नवाचार को एक कैरियर अवसर के रूप में शीर्षक पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। प्रो. अवस्थी ने करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट अनुभाग टीम के सदस्यों डा. हरिहरन मुथुसामि, डा. विकास कुकशाल, डा. प्रशांत तिवारी, डा. रोहित कुमार, विकास कोठारी एवं पवन राणा को भी बधाई दी और उनके कार्यो की सराहना की। (एजेंसी)

# पेंशन से संबंधित प्रकरणों का कैंप में होगा निस्तारण

**पौड़ी** : जिले में मृतक स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के वारिसों को सम्मान पेंशन योजना से लाभांवित किया जाना है। जिलाधिकरी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि जनपद में मृतक स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के विधिक वारिसों को सम्मान पेंशन योजना से लाभाविन्त किया जा रहा है। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के आश्रितों को प्रदान की जाने वाली सम्मान पेंशन से संबंधित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किये जाने हेतु तहसील स्तर पर कैम्प लगाएं। कहा कि समस्त प्रकरणों का निस्तारण कर आख्या रिपोर्ट पूर्ण प्रस्ताव के साथ 10 जनवरी तक जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

# सड़क निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



बागेश्वर : कासनीधार से खुलदौड़ी तक सड़क निर्माण के विरोध में भाटनीकोट के ग्रामीण मुखर होने लगे हैं। विरोध में ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। साथ ही आरोप लगाया कि यह सड़क सिर्फ खड़िया ढुलान के लिए बनाई जा रही है। इससे खड़िया माइन संचालक के अलावा किसी को लाभ नहीं होगा। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। भाटनीकोट के लोग ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ उन्होंने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि कासनीधार से खुलदौड़ी तक रोड निर्माण का कार्य हो रहा है। इस सड़क के बनने से उनके ग्राम पंचायत का पानी और पानी का स्रोत नष्ट हो जाएगा। साथ ही बांज, चीड़ और फल्याट के पेड़ कट जाएंगे। यह सड़क सिर्फ उत्तराखंड सन्स साइन माइन्स खुलदौड़ी के खड़िया ढुलान के लिए बनाई जा रही है। ग्रामीण इसका पहले भी विरोध कर चुके हैं। खुल्दौड़ी गांव के लिए पहले से ही सड़क बनी है। जबरदस्ती यदि सड़क बनाई गई तो इसका विरोध किया जाएगा। इस मौके पर भीम सिंह, धन सिंह, दर्शन सिंह तथा मोहन राम आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पीएम आवास योजना में अनियमितता का लगाया आरोप

चम्पावत : जनकांडे गांव के एक ग्रामीण ने पीएम आवास योजना के भवन वितरण में विभागीय अधिकारियों पर अनियमितता और धांधली का आरोप लगाया है। ग्रामीण ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर पात्रों को आवास का लाभ दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीण अशोक माहरा ने बताया कि वर्ष 2017 में पीएम आवास योजना के लिए अधिकारियों ने गांव में सर्वे कर नौ गरीब लोगों को चिह्नित किया था। चार साल बीतने के बावजूद भी चिह्नित परिवारों को आवास नहीं मिल पाया है। इधर, सीडीओ राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि इस वर्ष जिले में 771 आवास स्वीकृत हुए हैं। जिनमें से 761 का चयन हो चुका है।

# शारदा नदी में एक माह बाद भी नहीं हो पाई खनन निकासी



चम्पावत : टनकपुर में डेढ़ हजार से अधिक कारोबारियों पर रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। शारदा नदी में गेट खुलने के बाद भी अब तक खनन निकासी नहीं हो पाई है। जबकि पिछले वर्ष 17 दिसंबर से शारदा नदी में खनन निकासी कार्य शुरू हो गया था। शारदा नदी में खनन गेट खुले एक माह का समय बीतने को है। लेकिन अब तक खनन निकासी नहीं हो पाई है।

इसका कारण कारोबारियों का निगम और क्रशर संचालकों के साथ रॉयल्टी पर सहमति न बनना है। पिछले वर्ष दिसंबर से ही खनन निकासी का कार्य शुरू हो गया था। जिसमें कुल 735 वाहन पंजीकृत थे। जिनसे करीब डेढ़ हजार से अधिक परिवारों का घर पलता है। सरकार को प्रतिदिन 15 लाख का राजस्व डाउन स्ट्रीम कांटे से प्राप्त होता है।

वन निगम में इस वर्ष महज 200 फॉर्म ही बिक पाए हैं। इधर, शक्तिमान यूनियन के अध्यक्ष मनोज गुप्ता का कहना है कि रायॅल्टी दरों में जब तक कमी नहीं की जाती, तब तक शारदा नदी से खनन निकासी नहीं की जाएगी। देवेंद्र सिंह पुंडीर डीएलएम वन निगम टनकपुर का कहना है कि खनन निकासी के लिए पांच दिसंबर को ही शारदा नदी में गेट खोल दिए गए थे। लेकिन स्टोन क्रशर और शक्तिमान यूनियन में वार्ता भी विफल रही। सरकार के निर्णय के बाद ही स्थिति साफ होने का अंदेशा है। (एजेंसी)

## नेपाल पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन भारतीय पकड़े



पिथौरागढ़ : नेपाल पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी यूपी के लखीमपुर के रहने वाले हैं। उनके पास से रिवॉल्वर की गोलियां, कट्टा, पिस्टल भी बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे दिन में पालतू मवेशियों की खरीदारी करने के बहाने रेकी करते और रात में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। नेपाल पुलिस निरीक्षक दान सिंह भंडारी ने बताया कि बीते कुछ समय से बेलौरी क्षेत्र में बंदूक–छूरी दिखाकर लोगों से लूटपाट की घटनाएं सामने आ रही थी। दो दिन पूर्व भी एक घर से छह लाख के सोने के आभूषण सहित तीन लाख की नगदी चोरी हुई थी। इसके अलावा मनोज चौधरी और प्रेमनाथ चौधरी के घर में भी चोरी हुई थी।

आरोपी सोना, नगदी, मोबाइल लेकर फरार हो गए थे। इन घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने बसई बॉर्डर पर चेकिंग अभियान चलाया। रविवार को पुलिस ने यूपी लखीमपुर निवासी राजू इंद्रीश (32), मुजीवा बंजारा (27) और युसूफ अली (42) को पकड़ा है। कहा कि अब भी दो आरोपी फरार हैं। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया आरोपी इंद्रीश इससे पूर्व भी चोरों की घटनाओं में शामिल रहा है और लखनऊ कारागार में आठ माह की सजा भी काट चुका है। (एजेंसी)

## मनरेगा कार्य दिवस के साथ दैनिक भुगतान बढ़ाया जाए

अल्मोड़ा : ग्राम प्रधान संगठन ने ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत एनएमएमएस के तहत कराए जा रहे कार्यों में श्रमिकों की उपस्थिति अनिवार्य कराने समेत विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की है। मामले में प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सीएम समेत डीएम को ज्ञापन भेजा है। जल्द कार्यवाही नहीं होने पर जन आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में कहा कि मनरेगा योजना में श्रमिकों की उपस्थिति के लिए केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2023 से नई गाइडलाइन जारी कर दी, जो कि उत्तराखंड की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप नहीं है। वर्तमान में कई क्षेत्र मोबाइल सेवा से वंचित हैं, जहां पर पर्याप्त नेटवर्क की सुविधा नहीं मिल पाती है। ब्लॉक में कर्मचारियों के अभाव के चलते योजना का संचालित होना भी कठिन लग रहा है। वहीं, सरकार ऐसे में एक अतिरिक्त बोझ कर्मचारियों पर डाल रही है। प्रधानों ने कहा कि श्रमिकों को मांग के आधार पर मस्टरौल नहीं दिया जा रहा है। इसलिए कोई भी श्रमिक कार्य स्थल पर आकर उसमें शामिल नहीं हो सकता है। सरकार को चाहिए कि उनके कार्य दिवस के साथ-साथ दैनिक भुगतान बढ़ाते हुए सही समय पर दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रधान संगठन के अध्यक्ष पवन कुमार पांडे, महासचिव दिनेश मनराल, कोषाध्यक्ष किशोर शर्मा, धन सिंह, देव सिंह, सुनीता गोस्वामी, ज्योति, पुष्पा जोशी, गिरधर बिष्ट, महेंद्र सिंह, सूरज गौड़, शंकर जोशी शामिल रहे। (एजेंसी)

## मंडल अध्यक्ष के लिए राय शुमारी की

चम्पावत : टनकपुर पालिका सभागार में भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के लिए राय शुमारी की। जिसमें सात कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदार पेश की। सोमवार को जिला महामंत्री पूरन मेहरा की अध्यक्षता में पालिका सभागार में बैठक हुई। जिसमें जिला मंडल पर्यवेक्षक अनिल शाही, जिला प्रभारी विकास शर्मा का स्वागत किया।

जिला महामंत्री मेहरा ने बताया कि मुकेश जोशी, भीम रजवार, राम सिंह धौनी, तुलसी कुंवर, बिजेंद्र अग्रवाल, शशांक गोयल और मोहन सिंह ने मंडल अध्यक्ष के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। हर मंडल स्तर से नामों की लिस्ट ली जा रही है। प्रदेश स्तर से निर्णय लिए जाने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष को चुना जाएगा।

## नगर पालिका पर लगाया अनदेखी का आरोप

पिथौरागढ़ : खड़कोट वार्ड की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर लोग सड़क पर उतर आए हैं। उन्होंने नगर पालिका पर वार्ड की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा वार्ड में पैदल रास्तों से लेकर नालियां क्षतिग्रस्त हैं। स्ट्रीट लाइटों में बिजली गुल है। बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

सोमवार को सभासद किशन खड़ायत के नेतृत्व में वार्डवासी नगरपालिका में एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा वार्ड के न्यू सेरा कॉलोनी में पैदल चलने तक की सुविधा नहीं है। जगह-जगह पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त होने से लोगों को खासी परेशानी हो रही है। इसके अलावा वार्ड में लंबे समय से स्ट्रीट लाइटें भी खराब हैं। जबकि आए दिन गुलदार वार्ड में पहुंच रहा है। इसके बावजूद स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। बाद में लोगों ने नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र रावत को ज्ञापन भी दिया। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही वार्ड की समस्याओं को दूर नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

यहां चंद्र बल्लभ जोशी, रमेश बसेड़ा, नारायण धामी, संजू बिष्ट, कमला बिष्ट, अनीता उप्रेती, विमला गोबाड़ी, मनोज सामंत, उर्वादत्त पाठक, शिवराज सिंह बिष्ट, त्रिलोक सौन, नरेंद्र चंद, मनोज सौन, रमेश बसेड़ा, पुष्पा आदि रहे। (एजेंसी)

## बोर्ड बैठक में सभासदों ने जमकर हंगामा किया

पिथौरागढ़ : नगर पंचायत अध्यक्ष हेम पंत की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई। इस दौरान बाहर से सामान खरीदने पर सभासदों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने क्रय किए गये सामान के मूल्य और प्रक्रिया के दस्तावेज की मांग भी की। सोमवार को सभासद बलवंत धानिक ने कहा कि बेरीनाग नगर की तुलना में ऑफिस और ट्रचिंग ग्राउंड के लिए सामान की खरीदारी महंगे दामों में की जा रही है। उन्होंने कहा समाचार पत्रों में विज्ञापन देने के बाद विधिवत खरीद होनी चाहिए। कहा कि गलत तरीके से सामान की खरीदारी हो रही है। उन्होंने बैठक में नपं से खरीदे गये सामान के दस्तावेज दिखाने के लिए कहा। सभासद ने कहा कि अगर सभी दस्तावेज नहीं दिखाए गये तो वह नगर पंचायत कार्यालय पर धरना देंगे। सभासद देवेंद्र शाह ने कहा कि सामान खरीद कर खुले मैदान में रखा जा रहा है। इससे सामान खराब हो रहा है। जेसीबी मशीन के डैगन की खरीदारी में आपत्ति जताई। सभासद आशा भैसोड़ा ने मेहरचूर में ट्रचिंग ग्राउंड के विरोध में प्रस्ताव रखा। जिसका सभी सभासदों ने समर्थन किया। सभी सभासदों ने कहा कि घनी आबादी होने के कारण ट्रचिंग ग्राउंड दूसरी जगह बनाया जाय।

## जीआईसी मैदान में झूला लगाने की मांग की

चम्पावत : जीआईसी मैदान में झूला लगाने की मांग को लेकर तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त रीता गहतोड़ी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला लगाने की अनुमति देने की मांग की। रीता ने एसडीएम रिंकू बिष्ट को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि शीतकाल में स्कूल बंद होने से छात्र-छात्राओं का अवकाश शुरू हो गए हैं। पाटन पाटनी के जीआईसी मैदान में झूले लगने से बच्चों का काफी मनोरंजन होगा। उन्होंने बच्चों के उमंग और उत्साह के लिए झूले लगाने की मांग की है। (एजेंसी)

# भूलीगांव ने दस विकेट से जीता उदघाटन मैच



पिथौरागढ़ : विकासखंड के विभिन्न गांवों में क्रिकेट प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं। भंडारीगांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला भूलीगांव ने जीत लिया है। भूलीगांव ने चहज को दस विकेट से करारी शिकस्त दी है। रविवार को भंडारी गांव में जय महाकाली मेहता क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन थाना प्रभारी मंगल सिंह नेगी और सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने किया। थाना प्रभारी नेगी ने युवाओं को स्वस्थ शरीर के लिए खेलों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने युवाओं को सड़क सुरक्षा, नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी बताया। आयोजक देवेंद्र मेहता और सूरज मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता में तहसील की 25 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। बाद में उद्घाटन मुकाबला भूलीगांव और चहज के बीच खेला गया। भूली गांव ने टॉस जीत कर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। चहज की पूरी टीम को 87 रन ही बना सकी। अमित ने चार विकेट लिए। जवाब में भूलीगांव की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए बिना विकेट गवाएं लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्या ने सर्वाधिक 46 रनों की पारी खेली। (एजेंसी)

### हनेरा बी ने 37 रन से जीता मैच

गंगोलीहाट : हनेरा में मां चामुंडा युवा क्लब की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो गई है। मुख्य अतिथि कांग्रेस नगर अध्यक्ष नारायण सिंह बोरा और सभासद संजय बोरा ने मां चामुंडा चेलेंज कप का विधिवत शुभारंभ किया। पहला मुकाबला पोस्ट ऑफिस लाइन और हनेरा बी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अखिलेश के 56 और मंगल की 38 रनों की शानदार पारी की बदौलत हनेरा ने निर्धारित 15 ओवर में 148 रन बनाए। जवाब में पोस्ट ऑफिस लाइन की पूरी टीम निर्धारित ओवरों में 111 रन ही बना सकी। (एजेंसी)

### ब्लॉक प्रमुख ने किया क्रिकेट लीग का शुभारंभ

गंगोलीहाट/बेरीनाग। गणाई गंगोली जीआईसी नायल में फडियाली प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगोला ने किया। इस दौरान उन्होंने आयोजक टीम की सराहना करते हुए कहा इस तरह की प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इस मौके पर फडियाली प्रीमियर लीग के अध्यक्ष विशाल आगरी, उपाध्यक्ष आशीष आगरी, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, सचिव विनोद कुमार, उप सचिव प्रमोद नैनवाल मौजूद रहे। (एजेंसी)

# टैक्सी चालकों ने किया जिला मुख्यालय में प्रदर्शन



बागेश्वर : काफलीगैर तहसील के टैक्सी चालकों ने जिला मुख्यालय में राशन कार्ड को लेकर प्रदर्शन किया। चालकों का कहना है कि उनके बीपीएल कार्ड पूर्ति विभाग ने काट दिए हैं। उनकी सहमति तक अब उनसे नहीं ली गई।

अब उनके सामने राशन का संकट गहरा गया है। उन्होंने जल्द समस्या का समाधन नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पालड़ी, छौना, मटेला, काफलीगैर के टैक्सी चालक सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारोबाजी के साथ प्रदर्शन किया। चालकों का कहना है कि पूर्ति विभाग ने टैक्सी चालकों का बीपीएल कार्ड निरस्त कर दिए हैं। इस कारण उनके परिवार में खाद्यान्न का संकट गहरा गया है। कई लोगों ने कोरोना काल के दौरान लोन लेकर किसी तरह टैक्सी चलाने का कारोबार शुरू किया। जिसकी आय से लोन की किस्त तक जमा नहीं हो पा रही है। बीपीएल कार्ड के चलते उन्हें कम से कम भरपेट राशन मिल रहा था अब वह भी बंद हो गया है। उन्होंने निरस्त कार्डों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ने की मांग की है। टैक्सी चालकों के समर्थन में बिलौनी की ग्राम प्रधन हंसा रौतेला पादेवव की बबीता व मुन्नी देवी व अन्य गांव के लोग शामिल हैं। (एजेंसी)

## छात्रों ने नशे से दूरी बनाने का लिया संकल्प

चम्पावत : पाटी डिग्री कॉलेज में एंट्री ड्रग कमेटी ने गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम की जानकारी देने के साथ ही नशे से दूरी बनाने का संकल्प दिलाया।

सोमवार को नोडल अधिकारी डॉ. संगीता गड़कोटी और डॉ. प्रवीण कुमार पांडेय के संचालन में हुए कार्यक्रम में सुरेश भट्ट और छात्र संघ अध्यक्ष सौरभ मेहता ने विचार रखे। संगोष्ठी में डॉ.ऋतु पाल, डॉ. जगत सिंह बिष्ट, डॉ. नीरज कांडपाल, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, बहादुर सिंह आदि रहे। (एजेंसी)

## पांच कैडेट गणतंत्र दिवस परेड का बनेगें हिस्सा

पिथौरागढ़ : गणतंत्र दिवस पर कर्तव्यपथ में होने वाली परेड में सीमांत के पांच एनसीसी कैडेट हिस्सा लेंगे। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर परमार ने उपलब्धि के लिए कैडेट के साथ ही बटालियन के संपूर्ण स्टाफ को बधाई दी है।

सोमवार को 80 बटालियन के एनसीसी अधिकारी बीआर कोहली ने बताया कैडेट चंद्रकला, लक्की शर्मा, किशोर बिष्ट, पंकज महरा, सचिन धामी कर्त्तव्यपथ परेड में हिस्सा लेंगे।

कैडेट राजकुमार और संतोष गार्ड ऑफ ऑनर, कैडेट भारती मेहता प्रधानमंत्री रैली, यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम और कैडेट अरुणिमा सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। कैडेट की सफलता पर नवनियुक्त एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस तड़ागी, सूबेदार मेजर गंगा सिंह बिष्ट, एनसीसी अधिकारी प्रवीण रावल, अभिषेक पंत, विनय, उमा, कुलदीप, शिब्बू, प्रशिक्षण अधिकारी सूबेदार भूपेंद्र सिंह, सूबेदार परमन थापा, सूबेदार प्रमोद कुमार, नायब सूबेदार हीरा सिंह, देवेंद्र, बीएचएम पूरन सिंह, सीएचएम नैन राम, अशोक, हुकुम, विक्रम, दीपक, प्रमोद, अमन ने खुशी जताई है। (एजेंसी)

### गन्ने का भुगतान नहीं होने पर किसानों में आक्रोश

रुद्रपुर। गन्ना भुगतान में हो रही देरी पर सोमवार को इंटरपुर के किसानों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। इस दौरान किसान नेता व कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। इस पर उन्होंने उनकी समस्याओं को सरकार के उठाने का आश्वासन दिया। डॉ. उपाध्याय ने कहा कि आज उत्तराखंड में शुगर फैक्ट्री शुरू हुए करीब दो माह हो चुके हैं। जिसमें किसानों का करीब चार अरब 61 करोड़ 50 लाख का भुगतान सरकार ने करना है। वहीं प्रदेश सरकार राज्य को अव्वल प्रदेश बनाने व किसानों की आय दोगुना करने का दावा कर रही है। लेकिन आज भी प्रदेश सरकार गन्ने का मूल्य निर्धारण करने के लिए यूपी पर निर्भर है। उन्होंने सरकार से गन्ने का मूल्य निर्धारण 400 कुंतल करने व किसानों का भुगतान जल्द करने की मांग की।

## टैक्सी चालक की संदिग्ध मौत में गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

रुद्रपुर। थर्टी फस्ट की रात को टैक्सी चालक की हुई मौत के मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चालक की सिर की हड्डी टूटना और शव को घसीटे जाने से उसके शरीर में रगड़ के निशान आए हैं। चालक का शव झाड़ियों से बरामद किया गया था। जिससे मामला संदिग्ध हो गया है। सोमवार को पुलिस को सौंपी तहरीर मे मामले में पिता राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पड़ोस का युवक उनके पुत्र को 31 दिसंबर की रात को साथ लेकर गया था। जिसके बाद उनका पुत्र घर नहीं लौटा। देर रात में युवक ने बताया कि नितिन पीछे प्लाट में पड़ा है। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके सिर व शरीर पर चोट के निशान थे। उन्होंने कहा कि उनके पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया गया। जिसकी वजह से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शिव कालौनी के चंद्रपाल के विरुद्ध धारा 304 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि अभियोग दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।बता दें कि वार्ड संख्या 17 शिव कालोनी निवासी राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि उसका 24 वर्षीय पुत्र नितिन रस्तोगी 31 दिसंबर की रात को करीब 9 बजे घर से बाहर गया,

# फुटपाथों पर बढ़ रहा अतिक्रमण



चम्पावत : टनकपुर के फुटपाथों पर अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है। इससे व्यापारियों के अलावा राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। कुछ माह पहले पालिका ने पीली पट्टी खींचकर फुटपाथ पर अतिक्रमण पर अंकुश लगाया था। साथ ही पालिका और प्रशासन ने इन अतिक्रमणकारियों पर चालानी कार्रवाई भी की थी। लेकिन वर्तमान में हाल और खराब हो गए हैं। तहसीलदार पिंकी आर्या ने कहा मुख्य बाजार के फुटपाथ पर अतिक्रमण बड़ी समस्या है। इसके लिए डीएम स्तर से अगर हमें आदेश मिलेंगे तो पुलिस और पालिका के साथ मिलकर नगर में अतिक्रमण हटाया जाएगा। (एजेंसी)

## घरों में घुस रहा मलबा

पिथौरागढ़ : झूलाघाट-पिथौरागढ़ मोटर मार्ग नालियां बंद होने से मलबा सड़क में फैल रहा है जिसके चलते पैदल यात्रियों सहित वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

झूलाघाट-पिथौरागढ़ मोटर मार्ग पर खरक्यूडा, ग्वाली, आम्बाग में नालियां बन्द है जिसके चलते मलबा घरों में घुस रहा है। झूलाघाट निवासी इंद्र राम ने बताया कि अम्बाग की सड़क में बनी नालियां बन्द होने से नहर का बहता पानी सड़क में फैलकर मलबा घरों में घुस गया है, जिसके चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय निवासियों ने कहा कि जल्द से जल्द सड़क किनारे की नालियां साफ कराने के साथ निर्माण किया जाये। (एजेंसी)

## लेप्रोस्कोपिक विधि से महिला नसबंदी को 12 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

रुद्रपुर। परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत लेप्रोस्कोपिक विधि से महिला नसबंदी ऑपरेशन करने के लिए लेप्रोस्कोपिक स्टेरलाइजेशन ट्रेनिंग फॉर डॉक्टर का 12 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान में प्रारंभ हो गया। सत्र का उद्घाटन निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊं मंडल डॉ. तारा आर्य ने किया। सोमवार को प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डॉ. सुनीता चुफाल रतूड़ी ने बताया कि लेप्रोस्कोपी से महिला नसबंदी ऑपरेशन का प्रशिक्षण दिया गया है। बताया कि 12 दिन तक प्रशिक्षण देने के बाद आगामी आने वाले दिनों में महिला नसबंदी के लिए शिविर लगाए जाएंगे। परीक्षार्थी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। परिवार नियोजन के तहत लक्ष्य प्राप्ति के लिए कुमाऊं मंडल के नामित सदस्यों प्रशिक्षण के बाद अपने जनपदों में काम करेंगे। यहं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेंद्र मलिक, डॉ. राजेश आर्य, मास्टर ट्रेनर डॉ. अश्वनी चौबे, डॉ. सुरेश अरोड़ा, फैमिली प्लानिंग काउंसलर प्रीत पंत, जिला समन्वयक प्रदीप महर आदि ने प्रतिभाग किया।

# अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों को बेहतर सुविधाएं दी जाए

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में सोमवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में जिला चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष की प्रगति एवं आगामी वित्तीय वर्ष हेतु प्रस्तावित कार्यों एवं चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं उनके तामीरदारों को बेहतर सुविधाएं दी जाए। बायोमेडिकल वेस्ट बिलों का ऑकलन एवं परीक्षण के उपरान्त भुगतान करें।

जिला चिकित्सालय में स्थापित जनरेटर एवं एंबुलेंस वाहन पार्किंग में टिन शेड का निर्माण किया जाए। उन्होंने फिजियोथैरपी अनुभाग में वेव डाइथर्मी एवं अल्ट्रा सोनिक मशीन क्रय करने की स्वीकृति भी दी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अलिन्द पोखरियाल ने चिकित्सा प्रबंधन समिति के समक्ष आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। बताया कि विगत माह अप्रैल से 30 नवंबर 2022 तक 2.48 करोड़ की आय और चिकित्सा व्यवस्थाओं के संचालन में 1.03 करोड़ का व्यय हुआ है। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित कार्यों को भी स्वीकृति हेतु समिति के समक्ष रखा। नगर पालिका अध्यक्ष ने चिकित्सालय के सीनियर सिटिजन वार्डों में टीवी लगाने का सुझाव दिया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, सीटीओ सूर्य प्रताप सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## उत्तरकाशी ने गैरसैंण और न्यार पैंथर ने केदारनाथ को पराजित किया

श्रीनगर गढ़वाल : सीडीएस स्व. विपिन रावत स्टेडियम में सोमवार को पहला मैच गैरसैण और उत्तरकाशी के बीच खेला गया, जबकि दूसरा मैच केदारनाथ और न्यार पैंथर टीम के मध्य खेला गया। उत्तरकाशी ने गैरसैंण और न्यार पैंथर ने केदारनाथ की टीम को हराया।

सोमवार को गढ़वाल क्रिकेट लीग का पहला मैच गैरसैण और उत्तरकाशी की टीम के बीच खेला गया। गैरसैण की टीम ने पहले खेलकर 20 ओवर में 135 रन बनाए। गैरसैण की टीम के लिए देवेंद्र रावत ने 41 और विकास मैठानी ने 32 रन का योगदान दिया। उत्तरकाशी की टीम से करण साही ने 3 और अंबुज कोठारी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तरकाशी की टीम 19 ओवर में 136 रन बनाए। उत्तरकाशी की टीम के लिए पूर्ववंश ध्रुव ने 46 और दिलबाग ने 31 रन बनाए। गैरसैण के लिए विकास मैठानी और मोहित 1-1 विकेट लिया।

# जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आरसीडी पब्लिक स्कूल शिवराजपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग सांकृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया है। बतौर मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों से अपने जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। साथ ही नशा मुक्त उत्तराखंड और संस्कार युक्त उत्तराखंड की नव चेतना को समाज में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु स्वयं सेवियों से अपील की। राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार के परिसर में विद्यालय के प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत, जिला समन्वयक परितोष सिंह रावत, आरसीडी स्कूल के प्रबंधक सुभाष चंद्र ढौंडियाल, प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा ढौंडियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी शंकर बहादुर ने किया। इस अवसर पर लकी बिष्ट, देवाशीष, पायल रावत, मीनाक्षी पांडे, सुहानी नेगी, अंकित नेगी, महेंद्र प्रताप, मयंक बिष्ट, सौरभ रावत, जय सिंह नेगी, रेखा रावत, दीपिका रावत, अंजना रावत, अंजलि गुंसाई, कुसुम रावत आदि मौजूद रहे।

## नवनिर्मित विद्यालय भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

रुद्रप्रयाग : राजकीय इण्टर कालेज कैलाश बांगर के नवनिर्मित भवन का रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने लोकार्पण किया है। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं। इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने विधायक निधि से विद्यालय को पांच लाख रुपए देने की घोषणा की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने विद्यालय के मंच निर्माण की घोषणा की है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष वाचस्पति सेमवाल, सांसद प्रतिनिधि कुलेन्द्र राणा, मण्डल अध्यक्ष जखोली मेहरबान रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी रुद्रप्रयाग विनोद प्रसाद सेमल्टी ने जनपद के सुदूरवर्ती गांव में स्थित विद्यालय में बेहतर शैक्षिक स्तर पर शिक्षकों व अभिभावकों की सराहना की है। प्रधानाचार्य डा.संदीप शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति आख्या रखी। इस मौके पर सम्पूर्णानन्द सेमवाल, मोर सिंह प्रधान खलियाण विछना देवी, प्रधान गेठाणा सरवीर मेगवाल, क्षेपंस पुष्पा देवी रौथाण राजपाल राणा, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख चैन सिंह पंवार, वासुदेव मन्दिर समिति सचिव गंगाराम भट्ट, पत्रकार हिमांशु सेमवाल, टीकाराम भट्ट, सज्जन नेगी, पूर्व प्रधान रमेश राणा सहित अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थिति थे। (एजेंसी)

# मोटर मार्ग की बदहाल स्थिति, हिचकोले खाने को मजबूर लोग



श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर विकासखंड के अंतर्गत डांगचौरा बगीचा-गौंली मोटर मार्ग की बदहाल स्थिति से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूरे मार्ग पर डामर उखड़ जाने कंकरीट व गड्ढों के कारण वाहनों में लोग हिचकोले खाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों की ओर से कई बार विभाग को अवगत कराए जाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिससे ग्रामीणों में सरकार व विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरा आक्रोश है। डांगचौरा-बगीचा-गौंली मोटर मार्ग से राइंका डांगचौरा, मुंडोली, कड़ाकोटी सेमली-सिरोला, जोगीमड़ी, गुरूछोली, गौंली, पाटाखाल, बरसोली आदि गांव जुड़े हुए हैं। पीएमजीएसवाई के अंतर्गत करीब आठ किमी. इस मार्ग की दुर्दशा से वाहनों की आवाजाही में भारी दिक्कतें हो रही हैं। दुपहिया वाहनों के रपटने का इस मार्ग पर हर समय खतरा बना हुआ है। पूर्व में विभाग की ओर से मार्ग को जल्दी दुरूस्त करने की बात कही गई थी। लेकिन अभी तक मार्ग की स्थिति में सुधार नहीं हो पाया है। गौंली के पूर्व प्रधान मनोज कुमार, पाटाखाल के संजय उनियाल आदि ने मार्ग की स्थिति तत्काल सही किए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

## फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू, उत्तरकाशी ने जीता उदघाटन मैच

नई टिहरी : उत्तराखंड फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एंव वन मंत्री सुबोध उनियाल ने नरेंद्रनगर के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में राज्य स्तरीय महिला ओपन तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की 14 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। सोमवार को नरेन्द्रनगर में पहली बार तीन दिवसीय राज्य स्तरीय महिला ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। उत्तरकाशी और नैनीताल की टीमों के बीच उद्घाटन मैच खेला गया, दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने दो-दो गोल किए। जिससे मैच बराबरी पर रहा, जिसके बाद पैनल्टी शूट आउट से मैच का फैसला हुआ, जिसमें उत्तरकाशी की टीम विजयी रही। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन से महिलाओं को भी फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना हुनर देखने का मौका मिलेगा। कहा कि पहली बार नरेन्द्रनगर में महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में पहाड़ की बेटियों को भी फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाने का मौका मिलेगा।

# कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां, दर्शकों ने बढ़ाया उत्साह



रुद्रप्रयाग : जखोली के सिलगढ़ पट्टी में आयोजित सिलगढ़ महोत्सव में दूसरे दिन कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। सोमवार को ब्लाक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल ने मेले का शुभारंभ किया है। ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने सिलगढ़ पट्टी वासियों को मेले का भव्य आयोजन करने पर बधाई दी। कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से जहां एक ओर संस्कृति के संरक्षण को बल मिलता है, वहीं मेला आयोजन से आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना भी पैदा होती है। ब्लाक प्रमुख थपलियाल ने मेले के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा की है। मेले के दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों में रमेश उनियाल, लोकगायक विजय पंत और ज्योति पंत के साथ ही लोकगायिका आरती रावत और अन्य द्वारा लोकगीत व लोकनृत्य के साथ ही मां मठियाना जागर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, भूमि का भूमियाल नागराजा देवता की स्तुति के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर बिशिष्ट अतिथि ज्येष्ठ प्रमुख नागेन्द्र पंवार, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख अर्जुन गहरवार, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र भण्डारी, सभासद संजय रावत, सिलगढ़ समिति अध्यक्ष वीर सिंह रावत, संयोजक कृपाल सिंह पंवार, शेरु लाल, पूर्व प्रधान सत्यप्रकाश बहुगुणा, पूर्व प्रधान त्रिलोक रौतेला, दर्मियान जखवाल, ओमप्रकाश बहुगुणा, एसडीएम परमानन्द राम, अमगनानन्द भट्ट, विनोद कण्डारी, अराजेन्द्र रुडियाल, संचालक यशवीर सिंह चौहान, दीपक रावत, पूर्व सैनिक बलवीर धिरवाण, मेहरबान नेगी, त्रिलोक कठैत, सेवानि. शिक्षक कुंवर सिंह, शिवराज नेगी, सतीश चन्द्र भट्ट आदि लोग मौजूद थे।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

रुद्रप्रयाग : माई गोविंद गिरी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेलनी में वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी बेहतर प्रस्तुति से अभिभावकों का मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने विद्यालय में 25 लाख की लागत से बनी विज्ञान प्रयोगशाला का लोकापर्ण किया। समारोह का विधायक भरत चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के विभिन्न परीक्षाओं में अव्वल रहने वाले छात्रों को प्रस्तति पत्र देखर सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि छात्र अपना एक लक्ष्य निर्धारित कर



निरंतर उसमें मेहतन कर आगे बढ़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि गुरुओं का कार्य है, कि वे बच्चों भीतर की प्रतिभा को तरासे और उस क्षेत्र में उनको जाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही अभिभावकों को भी अपना पूर्ण सहयोग शिक्षकों और बच्चों को देना चाहिए जिससे कि वो अपने क्षेत्र में सफल हो सके। कहा कि विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला की कमी थी वह अब दूर हो गई है। विज्ञान प्रयोगशाला की सामग्री की जो भी जरूरत होगी वह, भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे सभी बच्चे प्रयोगशाला का सही उपयोग अपने विषयों में कर सके। विशिष्ट अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सुझाव एवं चर्चा की गई। सभासद सुरेंद्र सिंह रावत द्वारा विज्ञान प्रयोगशाला के निर्माण के विधायक भरत सिंह चौधरी का धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शशि मोहन उनियाल द्वारा सभी अतिथियों को स्वागत सम्मान करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कार्यक्रम में कोटेश्वर महंत शिवानंद गिरी महाराज, उपजिलाधिकारी अपर्णा ढौंडियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चमोली विभाग प्रचारक शरद, रेलवे रेलवे विकास निगम के प्रबंधक ओमप्रकाश मालगुड़ी, भारत भूषण भट्ट, चन्द्रशेखर पुरोहित, विकास डिमरी, सतेंद्र बर्त्वाल सहित अभिभावक एवं शिक्षक मौजूद थे। (एजेंसी)

## ग्रामीणों ने जांच टीम पर उठाएं सवाल

नई टिहरी : उपली रमोली पट्टी के ग्राम खंबाखाल में विकास कामों में की जा रही अनियमितता की जांच की मांग स्थानीय लोगों ने डीएम डा. सौरभ गहरवार से की है। मामले में डीएम को स्थानीय लोगों ने ज्ञापन सौंपा है। डीएम को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से स्थानीय लोगों में हरिप्रसाद भट्ट व भवानी शंकर भट्ट ने बताया कि ग्राम खंबाखाल में विकास कामों में भारी अनियमितता की गई है। जिसकी पूर्व में जांच के लिए लिखा गया है, लेकिन जांच में उन्हीं अधिकारियों को शामिल किया गया, जो अनियमितता में शामिल है। जिस पर आपत्ति के बाद अब तक जांच नहीं हो पाई है। पुनः जांच की मांग की जा रही है। मनरेगा, विधायक निधि, नहर निर्माण, सीसी मार्ग निर्माण व चहल निर्माण में भारी अनियमितता की गई है।

# संस्कृति को बचाने के लिए हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा

नई टिहरी : गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर की ओर से हिमालयन नाद संस्था के प्रमुख सोहन लाल को डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किये जाने पर उनकी टीम ने पुजार गांव में उनका सम्मान किया। समारोह में हिमालयन नाद संस्था की ओर से ढोल, दमाऊं, मोछन्ग, हुड़का, रणसिंघा, मसक बाजा आदि के साथ जागर, धुयाल, वार्ता आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रो. डीआर पुरोहित ने कहा कि उत्तराखंड के लोक वाद्य यंत्र ढोल आदि को देश विदेश तक लोकप्रिय बनाने में डॉ. सोहन लाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कहा अपनी संस्कृति को बचाने के लिए हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा। शिक्षाविद् डॉ. सुरेंद्र दत्त सेमल्टी ने कहा कि पुजार गांव वासी सोहन लाल को डाक्टरेट की उपाधि मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। डॉ. सोहन लाल ने सभी का आभार जताते हुये कहा कि पहाड़ की लोक कलाओं को बचाने में जन सहयोग की आवश्यकता है। समारोह में ब्लाक प्रमुख सूरज पाठक, ज्येष्ठ प्रमुख विजयपाल पंवार, गढ़वाल विवि के डॉ. अजय सेमल्टी, डॉ. मोना सेमल्टी, डॉ. संजय पांडे, डॉ. पवन कुदवान, भुवनेश्वरी महिला आश्रम के सचिव ज्ञान सिंह रावत, चंद्रवदनी मंदिर समिति प्रबंधक डीपी भट्ट, नागराजा समिति अध्यक्ष ऋषि राम भट्ट, सचिव चंडी प्रसाद, ग्राम प्रधान अंकित भट्ट, हरीश भट्ट, कौसा भट्ट, दर्मियान जयाडा, सिल्यारा आश्रम घनसाली प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे। (एजेंसी)

## स्वयंसेवी समाज में जागरूकता लाने का का करेंगे काम

विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बाबूगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य व ब्लॉक प्रमुख ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि सेवा योजना के इस विशेष शिविर में एनएसएस स्वयंसेवियों को काफी कुछ सीखना है।

## विकास को प्राथमिकता दें, जनप्रतिनिधि एक रूपता से करें काम

नई टिहरी : नववर्ष के शुरुआती सप्ताह में राज्य निर्माण आंदोलनकारी और पूर्व जिपंस देवी सिंह पंवार ने क्षेत्र के विकास को लेकर जलेबी पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया। शिव मंदिर प्रांगण में क्षेत्र के विकास को लेकर देवी सिंह पंवार ने युवाओं व बुजुर्गों से चर्चा के लिए जलेबी पर चर्चा का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों ने जमकर जलेबी चर्चा का आनंद लिया।

इस मौके पर देवी पंवार ने क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि क्षेत्र के विकास को राजनीति से न जोड़कर स्थानीय स्तर पर इसके लिए ठोस पहल विकास कामों को आगे बढ़ाने का काम किया जाना चाहिए। क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुऐ ग्राम प्रधान से लेकर विधायक व मंत्री एक रूपता से काम करें। पत्रकार रमेश कुड़ियाल, युद्धवीर सिंह, केशव, चतर सिंह, केदार सिंह, प्रवीन, हरीश डिमरी, महिमानंद जोशी, देवेंद्र, सुरेंद्र रमोला आदि ने भी विकास में एकजुटता दिखाने पर जोर दिया। (एजेंसी)

## बैठक 4 जनवरी को

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में रुद्रनाथ महोत्सव एवं विकास मेला-2023 के आयोजन की तैयारियों व व्यवस्थाओं को लेकर 4 जनवरी को नगर पालिका सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रुद्रप्रयाग श्रीमती गीता झिंक्वाण ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद के सौजन्य से गुलाबराय मैदान में 12 जनवरी से रुद्रनाथ महोत्सव एवं विकास मेला-2023 आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 5 दिवसीय मेले का समापन 16 जनवरी को होगा। इससे पूर्व मेले के सफल संचालन हेतु संबंधित तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता बुधवार को नगर पालिका सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि व समय से बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

# शिक्षा के निजीकरण को लेकर चिंता जताई

देहरादून। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लेकर आयोजित शिक्षा संवाद में वैज्ञानिक नजरिया पर जोर दिया गया। शिक्षा के निजीकरण को लेकर चिंता जताई गई।भारत ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से रेसकोर्स स्थित राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ भवन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पहले दिन समिति की राष्ट्रीय महासचिव एवं शिक्षाविद् प्रो. प्रमोद गौरी ने कहा कि सरकारों ने शिक्षा नीतियों को गंभीरता से नहीं लिया। अगर ऐसा होता तो आज भारत उन्नत देश में शुमार होता। मुख्य वक्ता प्रो. गौरी ने कहा कि यह विडम्बना है कि जहां दुनिया वैज्ञानिक नजरिए को बढ़ावा दे रही है, वहीं हम कर्मकांड और मिथक आधारित विषयों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा में सार्वजनिक भागीदारी को निम्न करने की सोच पर चिंता जाहिर की।भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य अध्यक्ष विजय भट्ट ने कहा कि यदि आम जनता शिक्षा नीतियों की खामियों पर विचार नहीं करेगी तो आने वाले समय में आम जन उच्च शिक्षा प्राप्त करने से भी वंचित हो जाएगा। राज्य सचिव एसएस रावत ने कहा कि नीति में लुभावने शब्द और सोच अंकित कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं होगा। समता मंच की समन्वयक डॉ. उमा भट्ट ने कहा कि नीति कहीं भी यह स्पष्ट नहीं करती कि नियमित शिक्षक भर्ती होंगे। नीति निजी शिक्षा को बढ़ावा देने और कारपोरेट को शिक्षा के क्षेत्र में संसाधन उपलब्ध कराकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रही है। संवाद में दिनेश धीमान, मनोहर चमोली, मोहन चौहान, सतीश जोशी, कमलेश खंतवाल, मुकेश बहुगुणा, धर्मेन्द्र सिंह रावत, धर्म सिंह चौहान, इंद्रेश नौटियाल, सतीश धौलाखंडी, मीना, मोनिका उपस्थित रहे।

## लापता महिला का शव इंटेक से बरामद

विकासनगर। रविवार को लापता महिला का शव ढकरानी बांध परियोजना के इंटेक से बरामद हुआ। लापता महिला रविवार को घर से स्कूटी लेकर निकली थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने कहा कि महिला के परिजनों के अनुसार वह दिमागी रूप से परेशान थी। जिसके चलते उसने शक्तिनहर में कूदकर आत्महत्या की है। रविवार को अनीशा राणा 38 पत्नी चंचल राणा निवासी दिनकर विहार विकासनगर अपने स्कूटर पर सवार होकर मंदिर में पूजा करने के लिए निकली। लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चला। वह न घर लौटी और न कहीं किसी को मिली। उसका स्कूटर ढकरानी नहर किनारे बरामद हुआ। जिसके बाद अनीशा की बहन अर्चना पत्नी राजन निवासी बरोटीवाला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अनीशा की गुमशुदगी दर्ज कराई। जिसके बाद हरकत में आयी पुलिस रविवार दिन से लेकर देर रात तक अनीशा को जगह-जगह तलाशती रही। हालांकि नहर किनारे स्कूटी मिलने के बाद पुलिस उसके नहर में कूदने की आशंका भी व्यक्त की थी। जिसके चलते नहर से लेकर जगह-जगह अनीशा को पुलिस तलाशती रही। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि शक्ति नहर में ढकरानी बांध परियोजना के इंटेक पर महिला का शव पड़ा है। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को इंटेक से बाहर निकालकर शिनाख्त के लिए रखा।

मौके पर पहुंचे अनीशा के परिजनों ने शव की शिनाख्त अनीशा के रूप में की। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्ट मार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## मंडी की समस्याओं को लेकर कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपा

विकासनगर। कृषि मंडी समिति साहिया के अध्यक्ष ने कृषि मंत्री को मंडी की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि कृषि मंडी समिति साहिया संसाधनों के अभाव में बहुत बुरे दौर से गुजर रही है। मंडी में कर्मचारियों की बहुत कमी है। एक कनिष्ठ लिपिक, एक सफाई कर्मी के भरोसे चल रही है।ज्ञापन में मंडी समिति के अध्यक्ष जगमोहन सिंह चौहान ने बताया कि दो कर्मचारी ही पूरी मंडी को चला रहे हैं। कहा कि मंडी के गेट पर कोई गार्ड नहीं है जिस कारण मंडी के अंदर जाने वाली गाड़ी का और बाहर जाने वाली गाड़ी का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा जा सकता है। कहा कि मंडी राम भरोसे चल रही है। कहा कि बार-बार आग्रह करने पर भी उपरोक्त संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## छात्र-छात्राओं ने टिहरी बांधी और कृषि विवि का भ्रमण किया

विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई यमुना कॉलोनी डाकपत्थर इंटरमीडिएट के भूगोल के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण संपन्न हुआ। शैक्षिक भ्रमण के तहत छात्र-छात्राओं ने कुन्जापुरी, टिहरी बांध, कृषि विश्वविद्यालय रानीचौरी आदि स्थानों का भ्रमण किया। विद्यालय की भूगोल विभाग के आचार्य नीरज, शालू और अजय नौटियाल भी इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ रहे। शैक्षिक भ्रमण के लिए गए छात्र-छात्राओं ने कुंजापुरी मंदिर के महत्व को समझाया और उसकी धार्मिक आस्था को लेकर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। वहीं टिहरी बांध के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बांध परियोजना से कैसे विद्युत उत्पादन किया जाता है। विद्युत उत्पादन से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। बांध परियोजना से उत्पादित होने वाली बिजली, झील से छोड़े जाने वाले पानी से सिंचाई और पेयजल के बारे में विस्तार से छात्रों को जानकारी दी।

## गुरुराम राय इंटर कालेज में अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू

विकासनगर। श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज सहसपुर में शीतकालीन अवकाश के दौरान दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर रखते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र सैनी एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। अतिरिक्त कक्षाओं के लिए स्वयं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रविंद्र सैनी 12वीं के छात्रों को अंग्रेजी पढ़ा रहे हैं। इसमें अन्य राजकीय इंटर कालेज के नीरज सैनी प्रवक्ता फिजिक्स एवं संजय सैनी प्रवक्ता रसायन विज्ञान भी विद्यालय में छात्रों की अतिरिक्त कक्षाएं ले रहे हैं। आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त हिंदी प्रवक्ता छात्र-छात्राओं को हिंदी पढ़ाएंगे। अतिरिक्त कक्षाएं लेने का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के लिए अतिरिक्त तैयारियां करवाकर अधिक से अधिक अंक प्राप्त करना है। जिससे अपना करियर अच्छा बनाने के साथ साथ स्कूल का नाम रोशन करना है।

## सम्पादकीय

### फिर हुई राजधानी शर्मसार

नए साल की शुरुआत के साथ ही भारत देश की राजधानी दिल्ली की यातायात व्यवस्था से जुड़ा एक ऐसा सनसनीखेज मामला आया है जो एक लड़की से जुड़ा हुआ है। दिल्ली आज एक लड़की की मौत को लेकर चर्चाओं में रही। यहां एक लड़की कार की चपेट में आई और कार चालकों को उनके बयानों के अनुसार लड़की के फैसले का पता ही नहीं चला। कार लड़की को लगभग 13 किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गई जिससे उसकी मौत हो गई। देखते ही देखते मामले ने तूल पकड़ लिया और पूरी दिल्ली कथित आरोपियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर सड़क पर उतर पड़ी। उधर इस घटना को लेकर कई ऐसे सवाल भी खड़े हो गए हैं जिसमें जानबूझकर किया गया अपराध और दुर्घटना के बीच संभावनाएं दिखाई दे रही है। देश की राजधानी दिल्ली होने के नाते यहां की यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए लेकिन काफी आश्चर्य कर देने वाला है कि 13 किलोमीटर तक कोई गाड़ी किसी व्यक्ति को लेकर दे सकती जाती है और ना तो पुलिसकर्मी और ना ही कार चलाने वालों को ही इसका पता चल पाता है। उधर इस प्रकरण को लेकर दिल्ली की राजनीति भी सुलग रही है। भारतीय जनता पार्टी ने कानून व्यवस्था के लिए अरविंद केजरीवाल की सरकार को आड़े हाथों लिया है तो वही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा को इस प्रकरण में राजनीति ना करने की सलाह देते हुए कहा है कि यह घटना बेहद दुखद है और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए। दिल्ली जैसे शहर में इस प्रकार की घटना होना और 13 किलोमीटर तक उक्त वाहन को कहीं पर भी रोक आना जाना बेहद आश्चर्यजनक है। घटना के बाद आरोप और प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो चुका है जहां एक तरफ लड़की के घरवालों का कहना है कि उनकी पुत्री के शरीर पर एक भी वस्त्र नहीं था तो वहीं दिल्ली पुलिस की दलील है कि सड़क पर गिरने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई। हो सकता है दिल्ली पुलिस को यह महज एक हादसा लगता हो। वहीं कार में सवार युवकों का यह कहना भी काफी अचंभित कर देने वाला है कि उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं थी कि एक लड़की को उनकी कार से घसीटा जा रहा है। निश्चित तौर पर उनके इस बयान को सत्य नहीं माना जा सकता संभावना यह भी हो सकती है कि युवकों ने कहीं से एक्सीडेंट किया हो और इसी दौरान वह लड़की कार की चपेट में आई और वे उसे घसीटते हुए अपने साथ ले गए। सवाल चाहे जो भी हो, लेकिन जो कुछ भी हुआ वह बेहद शर्मनाक है और इसके लिए दिल्ली की तमाम व्यवस्थाएं भी कहीं ना कहीं जिम्मेदार हैं। प्रकरण को राजनीति से ना जोड़ते हुए इसमें मानवीय पहलू का ध्यान रखना चाहिए और यदि जानबूझकर इस त्य को अंजाम दिया गया है तो कड़ा दंड मिलना चाहिए। यहां दिल्ली पुलिस की व्यवस्थाएं भी सवालों के घेरे में है और यदि तमाम सीसीटीवी एवं विभिन्न नाकों पर तैनात पुलिसकर्मी सचेत होते तो लड़की की जान बचाई जा सकती थी।

# कामकाज और दायित्वबोध

**संस्कृति और सभ्यता के विकास में सहस्त्रों वर्षों का समय लगता है, लेकिन हम सब नववर्ष की संभावनाओं पर ही विचार करते हैं। संसदीय जनतंत्र में राष्ट्र निर्माण के सूत्रों पर निरंतर विमर्श की आवश्यकता होती है। विगत आठ वर्षों से राष्ट्रजीवन के भिन्न–भिन्न क्षेत्रों में आशा और उमंग का प्रवाह है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है, लेकिन आशावादी परिवेश के बावजूद सहमतिमूलक राष्ट्रहितकारी विमर्श नहीं चलते।**

साल 2022 की विदाई हो गई और 2023 का स्वागत भी हो गया। वास्तव में, समय का कोई भी हिस्सा निरपेक्ष नहीं है और न ही स्वतंत्र। माह और वर्ष भी स्वतंत्र इकाई नहीं हैं। 2022 भी स्वतंत्र इकाई नहीं था। उसमें 2021 सहित बीते अनेक वर्षों की अच्छाइयां एवं बुराइयां सम्मिलित थीं। 2023 में भी बीते वर्षों के कर्मफल सम्मिलित हैं। भूत, भविष्य और वर्तमान असल में अनुभूतिजन्य ही होते हैं। सबका भूत, भविष्य और वर्तमान एक जैसा नहीं होता। प्रकृति का अणु–परमाणु निरंतर गतिशील है। काल यदि अस्तित्वगत होता तो प्रत्येक परिस्थिति में एक समान होता। उसकी अपनी छाप होती है, जो राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को प्रभावित करती है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में सौ–पचास वर्ष भी महत्वपूर्ण नहीं होते। संस्कृति और सभ्यता के विकास में सहस्त्रों वर्षों का समय लगता है, लेकिन हम सब नववर्ष की संभावनाओं पर ही विचार करते हैं। संसदीय जनतंत्र में राष्ट्र निर्माण के सूत्रों पर निरंतर विमर्श की आवश्यकता होती है। विगत आठ वर्षों से राष्ट्रजीवन के भिन्न–भिन्न क्षेत्रों में आशा और उमंग का प्रवाह है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है, लेकिन आशावादी परिवेश के बावजूद सहमतिमूलक राष्ट्रहितकारी विमर्श नहीं चलते। यहां हास्यास्पद विमर्श मूल विमर्श में सेंधमारी करते हैं। अभी एक नेता ने अपने बड़े नेता को राम और स्वयं को भरत बताया। इसके पहले इसी दल के एक नेता ने गीता में जिहाद की खोज की थी। राष्ट्रीय एकता, अखंडता, अर्थनीति और शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण आदि अनेक विषय सतत राष्ट्रीय विमर्श मांगते हैं। कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका मूलभूत संवैधानिक संस्थाएं हैं। इनकी प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण है। इनके कामकाज और दायित्वबोध पर शालीन विमर्श आवश्यक है। पर्यावरण और भूमंडलीय तापवृद्धि अंतरराष्ट्रीय बेचैनी है। इन सब पर भी सतत राष्ट्रीय विमर्श की आवश्यकता है। संसद और विधानमंडलों की कार्यवाही का समय घट रहा है। महत्वपूर्ण विधेयकों पर भी सार्थक चर्चा नहीं होती। सदनों में बाधा गहन राष्ट्रीय चिंता है। न्यायालयों में लाखों मामले लंबित हैं। न्याय व्यवस्था को त्वरित बनाने के लिए राष्ट्रीय विमर्श नहीं होते। मूलभूत प्रश्न है कि क्या साल 2023 में राष्ट्रीय विमर्श के मुद्दों पर आम सहमति बनाई जा सकती है। प्रश्न बड़ा है। इसके लिए राष्ट्रीय चिंता के प्रमुख विषयों पर सर्वसम्मत सूची बनाई जानी चाहिए। पक्ष–विपक्ष को मिलकर आम सहमति बनाने का साझा प्रयास करना चाहिए। इसमें पहले मुद्दों के चयन पर आम सहमति बने और फिर साझा प्रयास हों। तदोपरांत उन मुद्दों के समाधान के लिए साझी सक्रियता पर सहमति बनाई जाए। इससे असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी में तमाम बाधाएं थीं। कुछ लोग इसे अव्यावहारिक बता रहे थे। उस पर सार्थक विमर्श हुआ और जीएसटी अस्तित्व में आया। कर संग्रह में हो रही निरंतर बढ़ोतरी के साथ अब उसके लाभ प्रत्यक्ष दिखते हैं। इसी प्रकार जजों की नियुक्ति का मसला किसी न किसी रूप में जटिल दिखाई पड़ रहा है। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग यानी एनजेएसी पर संसद के दोनों सदनों और राज्यों के आधे से ज्यादा विधानमंडलों ने मुहर लगाई। यह भारत की विधि बन चुका था। माननीय न्यायालय ने इसे संविधान के मूल ढांचे के विरुद्ध बताया। जबकि संविधान में मूल ढांचे का ही उल्लेख नहीं। सर्वोच्च न्यायालय के प्रति देश में आदरभाव है। यह संविधान का व्याख्याता और संरक्षक है, लेकिन न्यायिक नियुक्ति के विषय पर गहन राष्ट्रीय विमर्श की आवश्यकता है। प्रशासन की गुणवत्ता और गतिशीलता से जनहितकारी योजनाओं का काम शीघ्रता से संपन्न होता है। बाधाओं का त्वरित निस्तारण होता है। चुनाव आयोग पर भी कुछ दलों द्वारा आरोप लगाए जाते हैं। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए ऐसे आरोप अंतरराष्ट्रीय अपयश बनते हैं। यह महत्वपूर्ण विषय राष्ट्रीय विमर्श के बाहर है। राजनीति भारतीय जनतंत्र का सबसे सक्रिय क्षेत्र है। दलों के आंतरिक ढांचे में अनेक अंतर्विरोध हैं। विचारनिष्ठ राजनीतिक अभियान अपने मूल रूप में राष्ट्रीय विमर्श होते हैं। इनका प्रभाव जनता पर पड़ता है, लेकिन अभियान और विमर्श की भाषा बहुधा शालीन नहीं होती है। आरोप–प्रत्यारोप शत्रुभाव बढ़ाते हैं। राजनीति पर सतत राष्ट्रीय विमर्श चलाना कठिन काम नहीं। जनतंत्र की सफलता के लिए आदर्श दलतंत्र अपरिहार्य है। राजभाषा का विषय संवेदनशील रहा है। भाषा संस्कृति की संवाहक होती है। सांस्कृतिक नवजागरण पर देश में चर्चा है। सभी पक्षों के साथ साझा मंच बनाने और तद्नुसार आगे बढ़ने की आवश्यकता है। वामपंथी इतिहासकार एवं लेखक भारतीय संस्कृति को सामासिक–कंपोजिट बताते रहे हैं। वे भारत को कई संस्कृतियों का देश मानते हैं। बेशक विभिन्न राज्यों के रीति–रिवाज भिन्न हो सकते हैं, किंतु सब संप्रभु भारत के अविभाज्य–अभिन्न अंग हैं। संस्कृति एक है। इतिहासबोध सभी राष्ट्रों के लिए अनिवार्य गौरवबोध होता है। देश वास्तविक इतिहासबोध से वंचित है। निहित स्वार्थी कारणों से इतिहास का विरूपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत अनेक महानुभावों ने वास्तविक इतिहास के पुनर्लेखन पर जोर दिया है। इसके तथ्य भी हैं कि इतिहास के साथ छल हुआ है। इतिहास को तथ्यपरक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लिखा जाना जरूरी है। वर्ष 2023 में ऐसे सभी राष्ट्रीय मुद्दों, प्रश्नों एवं चुनौतियों पर राष्ट्रीय विमर्श की उम्मीदें हैं। आशा है कि अपने–अपने क्षेत्रों के कर्मठ समाजसेवी, माननीय न्यायमूर्ति और संविधान की शपथ लेकर काम करने वाले सभी महानुभाव ऐसे विमर्श को चलाने के लिए आगे आएंगे। नए साल में राष्ट्रीय विमर्श के लिए सभी दलों को भी एक मंच पर आना चाहिए। साझा विचार और साझा संकल्प समय की आवश्यकता है। नए साल में आम सहमति का नया विमर्श खड़ा होना चाहिए। नववर्ष ऐसे सभी राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर राष्ट्रीय विमर्श का सुंदर अवसर है।

# बड़ी घोषणाओं की समय सीमा समाप्त!



साल 2022 समाप्त हो गया और इसके साथ ही केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से घोषित तमाम बड़ी योजनाओं और तमाम बड़े वादों की समय सीमा भी पूरी हो गई। लेकिन कोई भी घोषणा या कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। आमतौर पर राजनीतिक दलों और सरकारों की घोषणाएं पूरी नहीं होती हैं लेकिन पहले की सरकारों और मौजूदा सरकार में फर्क यह है कि पहले पार्टियां और सरकारें अमूर्त रूप से घोषणाएं करती थीं। जैसे गरीबी हटाओ! यह नहीं कहा गया था कि गरीबी कब तक हटेगी। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार ने हर वादा पूरा करने के लिए एक समय सीमा दी थी। एक निश्चित तारीख बताई थी और वह तारीख गुजर गई।

प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2018 में कहा था कि अगले चार साल में यानी 2022 तक भारत पांच खरब डलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। हालांकि कोरोना महामारी के बाद से उन्होंने इस बारे में कुछ भी कहना बंद कर दिया और उनकी पार्टी के नेताओं ने समय सीमा आगे बढ़ानी शुरू कर दी है। लेकिन 2022 खत्म हुआ तो यह ध्यान आया कि इसी साल भारत की अर्थव्यवस्था पांच खरब डलर की होने वाली थी, लेकिन अभी तक देश की अर्थव्यवस्था तीन खरब डलर के थोड़ा ऊपर जाकर अटकी हुई है।

प्रधानमंत्री ने जून 2018 में कहा था कि 2022 तक देश के किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। यह बात उन्होंने पहले भी कही थी और उसके बाद भी वे और उनकी पार्टी इसे दोहराते रहे थे। हालांकि पिछले एक-दो साल से इसका भी जिक्र बंद है। अब साल खत्म हो गया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई उलटे षि लागत दोगुनी या उससे ज्यादा हो गई। प्रधानमंत्री ने कोई चार साल पहले कहा था कि भारत में 2022 तक बुलेट ट्रेन चलने लगेगी। खाड़ी के देश ओमान में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह समय सीमा घोषित की थी। हकीकत यह है कि अभी महाराष्ट्र में शिव सेना के शिंदे गुट की भाजपा समर्थित सरकार जमीन अधिग्रहण का काम कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार में आने के थोड़े दिन बाद ही महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया था। उन्होंने कहा था कि 2022 में जब देश आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहा होगा तब देश के हर आदमी के सिर पर अपनी पक्की छत होगी यानी हर परिवार को पक्का मकान आवंटित हो जाएगा। वह समय सीमा भी समाप्त हो गई और करोड़ों परिवार अब भी बिना आवास के हैं। उन्होंने सितंबर 2015 में कहा था कि 2022 तक देश के हर घर को 24 घंटे बिजली मिलने लगेगी। उसकी मियाद भी पूरी हो गई और भारत अभी हर घर को 24 घंटे बिजली देने के लक्ष्य से बहुत दूर है। प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था कि आजादी के अमृत वर्ष यानी 2022 में भारत माता की कोई संतान अपने यान से अंतरिक्ष में जाएगी। अगर यह लक्ष्य पूरा होता तो ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन जाता।

# गठबंधन सरकार

**जनादेश में शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस 80 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। ओली की पार्टी को 78 और प्रचंड की पार्टी को महज 30 सीटें मिलीं। इसके बावजूद वह नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में पहले ढाई साल के लिए पीएम बनना चाहते थे। दूसरी ओर नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सरकार का नेतृत्व करने पर अड़ी हुई थी। राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी द्वारा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए निर्धारित समय सीमा रविवार को शाम पांच बजे समाप्त हो रही थी। देउबा के साथ बातचीत विफल होने के बाद प्रचंड प्रधानमंत्री पद के समर्थन के लिए कम्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल–यूनाइटेड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन–यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के आवास पर पहुंचे।**

नेपाल में एकाएक बदले राजनीतिक समीकरणों में कम्युनिस्ट पार्टी नेपाल–माओवादी सेंटर (सीपीएन–एमसी) के मुखिया पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड देश के नए प्रधानमंत्री बन गए। इस पूरे घटनाक्रम में उस वक्त नाटकीय मोड़ आया जब गठबंधन सरकार में शामिल प्रचंड पाला बदलकर ओली के खेमे में चले गए। प्रचंड तीसरी बार नेपाल के पीएम बने हैं। पूर्व में वह पहली बार 2008 से 2009 और दूसरी बार 2016 से 2017 तक प्रधानमंत्री रहे हैं। यह नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता के परिदृश्य को भी दर्शाता है। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा के लिए नवंबर में चुनाव हुए थे। चुनाव में किसी भी दल को बहुमत न मिलने के कारण पिछले कुछ दिनों से सरकार निर्माण के लिए राजनीतिक दलों के बीच बैठकों और वार्ताओं का दौर चल रहा था। जनादेश में शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस 80 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। ओली की पार्टी को 78 और प्रचंड की पार्टी को महज 30 सीटें मिलीं। इसके बावजूद वह नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में पहले ढाई साल के लिए पीएम बनना चाहते थे। दूसरी ओर नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सरकार का नेतृत्व करने पर अड़ी हुई थी। राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी द्वारा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए निर्धारित समय सीमा रविवार को शाम पांच बजे समाप्त हो रही थी। देउबा के साथ बातचीत विफल होने के बाद प्रचंड प्रधानमंत्री पद के समर्थन के लिए कम्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल–यूनाइटेड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन–यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली के आवास पर पहुंचे। वहीं सत्ता में साझेदारी के समीकरणों पर अंतिम सहमति बनी। सहमति की शर्त के अनुसार सीपीएन–यूएमएल समेत छह पार्टियों के समर्थन से प्रचंड पहले ढाई साल के लिए नेपाल की कमान संभालेंगे और अगले ढाई साल के लिए सीपीएन–यूएमएल के नेता केपी शर्मा ओली नेपाल के पीएम होंगे। प्रचंड के ओली के गठबंधन में शामिल होने के बाद नेपाल की तीनों प्रमुख कम्युनिस्ट पार्टी के नेता प्रचंड, ओली और माधव कुमार नेपाल एक खेमे में आ गए हैं। प्रचंड और ओली, दोनों भारत विरोधी माने जाते हैं। ऐसे में सवाल यह है कि आने वाले दिनों में भारत–नेपाल संबंध किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह सवाल इसलिए भी वाजिब लग रहा है, क्योंकि चुनाव प्रचार अभियान के दौरान ओली यह कह चुके हैं कि अगर वह सता में आते हैं तो भारत के क्षेत्र कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को वापस लेकर रहेंगे। यह क्षेत्र सदियों से भारत का हिस्सा है।

अब प्रचंड के साथ ओली भी सत्ता में है, तो निश्चित ही चुनावी वादा पूरा करने के लिए वह भारत के साथ तनाव को हवा देंगे। दूसरा, ओली की चीन परस्ती पहले से जगजाहिर है। हालांकि, नेपाली कांगेस के साथ काम करते हुए प्रचंड के भारत विरोधी रुख में कुछ बदलाव जरूर आया और चुनाव से पहले वह भारत भी आए थे। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि वह चीन की रणनीतिक चाल को समझने भी लगे हैं। फिर भी, उनके अतीत और अस्थिर रवैये को देखते हुए यह सवाल परेशान करता है कि गठबंधन के प्रमुख सहयोगी के दबाव में अगर प्रचंड का चीन प्रेम जाग उठा तो भारत नेपाल को लेकर उत्पन्न होने वाली रणनीतिक चुनौतियों से कैसे निपटेगा। नवंबर 2019 में नेपाल में ओली की सरकार थी। उस वक्त कालापानी इलाके पर नेपाल ने दो–टूक कह दिया था कि भारत को इस क्षेत्र से हट जाना चाहिए और नेपाल भारत को एक इंच जमीन भी नहीं देगा। उस वक्त भी यह सवाल उठा था कि ओली की इस आक्रामक भाषा के पीछे कहीं चीनी मंसूबे तो नहीं हैं। वहीं, 2014 में नरेन्द्र मोदी की नेपाल यात्रा के दौरान तत्कालीन नेपाली प्रधानमंत्री सुशील कोइराला ने कालापानी का मुद्दा उठाया था और कालापानी पर नेपाल का अधिकार बताते हुए इसे हल करने की अपील की थी। दरअसल, 1996 में कालापानी इलाके के संयुक्त विकास के लिए महाकाली संधि के तुंरत बाद बाद नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियों ने कालापानी पर दावा करना शुरू कर दिया। उधर, चीन लंबे समय से इस इलाके पर कब्जा करने की कोशिश करता रहा है। चीन की शह पर ही नेपाल में यदा–कदा कालापानी को लेकर प्रदर्शन होते रहे हैं। यह वही जगह है, जहां भारत 1962 के युद्ध में चीन के साथ मजबूती से डटा हुआ था। भारत को डर है कि अगर कालापानी नेपाल के अधिकार क्षेत्र में चला गया तो चीन वहां अपने पांव जमा लेगा। भारत की घेराबंदी में जुटे चीन की भी यही साजिश दिखती है। चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना 'वन बेल्ट–वन रोड' में सहयोगी होने और व्यापारिक हितों के कारण कुछ समय से नेपाल का झुकाव भारत से अधिक चीन की ओर हुआ है। नवंबर 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने काठमांडू में हुए बिम्सटेक सदस्य देशों के समक्ष सैन्य अभ्यास का प्रस्ताव रखा तो ऐन वक्त पर चीन के दबाव मे नेपाल ने इस सैन्य अभ्यास में शामिल होने से कन्नी काट ली, लेकिन बाद में उसने चीन के साथ सैन्य अभ्यास में भाग लिया। जबकि पारंपरिक रूप से भारत और नेपाल समान संस्कृति और साझा मूल्यों वाले पड़ोसी हैं। इसके बावजूद दोनों देशों के संबंध एक व्यूह में फंसकर रह गए हैं तो इसकी एक बड़ी वजह कहीं न कहीं नेपाल का चीन प्रेम ही है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के सभी धड़े भारत विरोधी और चीन समर्थक रहे हैं। इसलिए ओली के समर्थन से बन रही नेपाल की नई सरकार के साथ भारत के रिश्तों को लेकर संदेह के बादल गहराना स्वाभाविक है। संदेह के इन बादलों के छंटने में समय लग सकता है।

# ये उम्मीद है या दांव?



**जेलेन्स्की ने मोदी से बातचीत के बाद एक ट्वीट कहा– अब मैं उम्मीद कर रहा हूं कि भारत इसे लागू करने में अपनी भूमिका निभाए। भारत ने इस विवाद में यथासंभव निष्पक्ष रुख लिया हुआ है। इसके मद्देनजर जेलेन्स्की की इसी कथित उम्मीद पर सवाल उठना लाजिमी है। बल्कि यह कयास भी लगाया जा सकता है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ने इस श्उम्मीद के जरिए भारत को असहज स्थिति में डालने की चाल चली है।**

**दरअसल, यूक्रेन संकट के समाधान के सूत्र कहां हैं, यह बात जेलेन्स्की को अवश्य मालूम होगी। पिछले महीने फ्रांस और जर्मनी के नेताओं ने समाधान के लिए बातचीत शुरू कराने की इच्छा जताई थी।**

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्स्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया। मोदी से यूक्रेन की तरफ से पेश शांति फर्मूले के मुताबिक समस्या को हल कराने के लिए पहल करने की अपील की। जेलेन्स्की का यह दांव हैरतअंगेज है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेन्स्की जानते हैं कि उन्होंने जी-20 के बाली शिखर सम्मेलन में अपना जो 10 सूत्री शांति फर्मूला पेश किया था, वह रूस को मंजूर नहीं होगा। अब चूंकि उनके कमेडियन से राजनेता बने भी एक लंबा अरसा गुजर गया है, इसलिए उन्हें यह भी अवश्य मालूम होगा कि जी-20 के मेजबान को ऐसे कोई विशेष अधिकार हासिल नहीं होते, जिससे वह किसी उलझी समस्या को हल करने में कोई निर्णायक भूमिका निभा दे। बल्कि उन्होंने यह अवश्य ही देखा होगा कि बाली शिखर सम्मेलन में यह समूह यूक्रेन के मसले पर ही दो खेमों में विभाजित नजर आया। इसलिए उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करना और उनसे यूक्रेन के शांति फर्मूले के मुताबिक समस्या को हल कराने की पहल की अपील करना हैरतअंगेज है। जेलेन्स्की ने मोदी से बातचीत के बाद एक ट्वीट कहा- अब मैं उम्मीद कर रहा हूं कि भारत इसे लागू करने में अपनी भूमिका निभाए। भारत ने इस विवाद में यथासंभव निष्पक्ष रुख लिया हुआ है। इसके मद्देनजर जेलेन्स्की की इसी कथित उम्मीद पर सवाल उठना लाजिमी है। बल्कि यह कयास भी लगाया जा सकता है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ने इस श्उम्मीद के जरिए भारत को असहज स्थिति में डालने की चाल चली है।

दरअसल, यूक्रेन संकट के समाधान के सूत्र कहां हैं, यह बात जेलेन्स्की को अवश्य मालूम होगी। पिछले महीने फ्रांस और जर्मनी के नेताओं ने समाधान के लिए बातचीत शुरू कराने की इच्छा जताई थी। यहां तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी कहा था कि वे इस प्रश्न पर रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन से बातचीत के लिए तैयार हैं। लेकिन अचानक सारा दृश्य बदल गया। अमेरिकी बुलावे पर जेलेन्स्की वशिंगटन पहुंच गए और वहां जो हुआ, उसका संकेत यही था कि अमेरिका और नाटो यूक्रेन युद्ध को श्वर अफ एट्रिशन में बदलना चाहते हैं- यानी युद्ध तब तक चलेगा, जब तक रूस इतना कमजोर ना हो जाए कि उसे आत्म-समर्पण करना पड़े। जेलेन्स्की उनकी इस योजना में सक्रिय भागीदार बनते दिखे हैं। इसलिए भारत से मध्यस्थता की आशा निराधार है। इसका सिर्फ इतना महव है कि उनकी गुजारिश एक दिन के लिए दुनिया भर में हेडलाइन बनी है।

# हताशा से निपटने का दिखाना होगा हौसला

**परिवार से विलगाव और अकेले रहने के उभरते चलन ने हमें भावनात्मक रूप से एकांगी बनाया है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि छद्म दिखावे, क्षणभंगुर शोहरत और भौतिक लालसा की अंधी दौड़ तेजी से हमारी नस्लों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राभावित कर रही है। क्या हमारे समाजिक ताने-बाने को बदलने की जरूरत नहीं, जहां बिखराव और हताशा से निपटने की कोई कारगर और अचूक तकनीक मौजूद नहीं। विडंबना है कि न तो हमें कभी ऐसे हालतों से निपटने की कोई खास सामाजिक तकनीक बताई जाती है और न ही ऐसे हालात से उबरने के बाद सकारात्मकता के साथ खुद को जीवन की रफ्तार में ढालने के कोई कारगर उपाय सुझाए जाते हैं।**

**डा. दर्शनी प्रिय**

पिछले कुछ दिनों से सिल्वर स्क्रीन एक अजीब दहशत से गुजर रहा है। छोटे पर्दे पर अपने अभिनय का जलवा बिखेरने वाले अभिनेता और हुस्न के जादू से दुनिया को चकाचौंध करने वाली टीवी अभिनेत्रियां आत्महंता बन पर्दे की चमक को फीका और मटमैला कर रहीं हैं।

तेलुगु अभिनेत्री अनुराधा हो या कन्नड़ एक्ट्रेस साई मादप्पा, साउथ इंडस्ट्री की दीपा या ससुराल सिमर फेम वैशाली ठक्कर, तुनिषा शर्मा या टीवी फेम प्रत्युषा बनर्जी, क्राइम पेट्रोल की प्रेक्षा मेहता या सीरियल शदिल तो हैप्पी है जी फेम सेजल, हताशा और निराशा ने एक-एक कर इन प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों को लील लिया है। क्या अवसाद का कोहरा इतना घना है कि जीने की चमक को धुंधला कर रहा है। महज बीस-पच्चीस साल की इन आदाकाराओं के अंतर्मन में हताशा और निराशा इतने गहरे कैसे धंस गई की वे जिंद्गी की खूबसूरत लौ को स्वयं बुझा रही हैं। दूसरों के लिए योद्धा, रोल मडल और प्रेरक शक्ति बनने वाले युवा सितारों का मन कमजोर और आत्मविास अगर ढीला पड़ रहा है तो ये गहन मंथन और समाजिक चिंतन का विषय है।

राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत में हर साल डेढ़ लाख लोग आत्महत्या करते हैं, जिसमें लगभाग तैंतीस प्रतिशत पारिवारिक और आर्थिक समस्याओं, सत्रह प्रतिशत बीमारी और सबसे अधिक आत्महत्याएं प्रेम प्रसंग और वैवाहिक समस्याओं के चलते हो रही हैं। हाल के दिनों में स्थितियां तेजी से बदली हैं और जीवन कागज की सस्ती रद्दी सी हो गई है। अवसाद, तनाव और अकेलेपन ने खिलखिलाती दुनिया को मायूसी के बंजर धरती में तब्दील कर दिया है। सवाल है क्या रोमांच और उत्साह के साथ



जीवन जीना वाकई इतना कठिन हो गया है। क्या हम बाहर से भरे और भीतर से खाली होते जा रहे हैं।

परिवार से विलगाव और अकेले रहने के उभरते चलन ने हमें भावनात्मक रूप से एकांगी बनाया है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि छद्म दिखावे, क्षणभंगुर शोहरत और भौतिक लालसा की अंधी दौड़ तेजी से हमारी नस्लों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राभावित कर रही है। क्या हमारे समाजिक ताने-बाने को बदलने की जरूरत नहीं, जहां बिखराव और हताशा से निपटने की कोई कारगर और अचूक तकनीक मौजूद नहीं। विडंबना है कि न तो हमें कभी ऐसे हालतों से निपटने की कोई खास सामाजिक तकनीक बताई जाती है और न ही ऐसे हालात से उबरने के बाद सकारात्मकता के साथ खुद को जीवन की रफ्तार में ढालने के कोई कारगर उपाय सुझाए जाते हैं। अगर जीवन को देखने का एक खास नजरिया कि-श्चाहे जो भी हो मैं हर हाल में सुखी रहूंगी, विकसित कर लें तो खुदकुशी जैसे दानव से निपटना आसान होगा।

आज ज्यादातर अभिनेत्रियां स्वांतरू सुख के लिए अकेलेपन की निज रेखा अपने चारों ओर खींच रही हैं और निजता की ये परिधि इतनी ऊंची और मोटी है जिसके पार कोई झांक तो क्या पर भी नहीं मार सकता। मन में उठने वाली व्यथा और तकलीफ बांटने वाला कोई बचा नहीं क्योंकि हमने खुद को एकांतिक बना लिया है और वही हमारा सुख बन गया है। ये आत्म हिंसा नहीं तो और क्या है। कुंठा और मनोरोग से बचना है तो हमे भीड़ का हिस्सा बनना होगा अर्थात अपने आसपास अपनों की भीड़ खड़ी करनी होगी जो हमें दुख, निराशा और घुटन मे साहस, संबल और सहारा दे सके। हमें स्वीकारना होगा कि हम अकारण अकेले होते जा रहे हैं।

## इजरायल की नई सरकार प्लास्टिक कर को करेगी समाप्त

**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायल के वित्त मंत्रालय ने कहा है कि नई सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बावजूद जल्द ही डिस्पोजेबल प्लास्टिक के बर्तनों पर लगने वाले कराधान को समाप्त कर देगी।

यहां पर नई सरकार ने शपथ ली है। इसके बाद जायोनी पार्टी के नेता एवं वित्त मंत्री बेजलेल स्मोत्रिच ने दो फैसले लिए, जिनमें से एक यह फैसला है, जबकि दूसरा उच्च चीनी वाले पेय पदार्थों पर लगने वाले कर को समाप्त करना है। उन्होंने दावा किया कि प्लास्टिक टैक्स का उद्देश्य उनके समुदायों को नुकसान पहुंचाना था, जो उच्च स्तर पर प्लास्टिक के सामान का उपभोग करते हैं। उल्लेखनीय है कि इजरायल के पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय ने 01 नवंबर, 2021 को डिस्पोजेबल प्लास्टिक पर कर लगया था। इसके चार महीने बाद ही डिस्पोजेबल प्लास्टिक के उपयोग में 50 प्रतिशत की कमी दर्ज की थी।

## इजरायल ने दमिश्क हवाई हड्डा पर किया हमला, दो सैनिकों की मौत

**दमिश्क ,एजेंसी।** इजरायल ने सोमवार को सीरिया के दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मिसाइल हमला किया, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गयी। यह हमला स्थानीय समयानुसार लगभग 200 बजे हुआ और इसके कारण दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सेवाएं बाधित को गई और दो सैनिकों की मौत हो गई। वहीं इस हमले में दो सैनिक घायल भी हुए हैं। इससे पहले सना ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि रात में सीरिया की राजधानी दमिश्क में कई विस्फोटों की आवाजें सुनाई दी और सीरिया की वायु रक्षा इजरायली हमले का जवाब दे रही है। उल्लेखनीय है कि 2022 में इजरायल ने सीरिया में बड़ी संख्या में मिसाइलें दागी हैं।

## श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के प्रमुख ब्याज दरों में कमी के पक्ष में

**कोलंबो, एजेंसी।** सेंट्रल बैंक अफ श्रीलंका (सीबीएसएल) के गवर्नर नंदलाल वीरासिंघे ने कहा कि देश में प्रधान ब्याज दरों को कम करने के लिए 2023 में कदम उठाए जाएंगे।

वीरासिंघे ने मीडिया को बताया कि 2023 में महंगाई में भी गिरावट आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका की मुद्रास्फीति की दर नवंबर में 61 प्रतिशत से कम होकर दिसंबर में 572 प्रतिशत हो गई, यह देखते हुए कि यह दर्शाता है कि अप्रैल 2022 से उन्होंने जो नीतियां अपनाई हैं वे सफल रहीं।

उन्होंने कहा कि उच्च ब्याज दरों ने मुद्रास्फीति को काबू में रखा है, लेकिन अर्थव्यवस्था में स्थिरता आने पर दरों में कमी की जाएगी। नवंबर 2022 में श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने स्टैंडिंग डिपजिट फैसिलिटी रे-टऔर स्टैंडिंग लेंडिंग फैसिलिटी रेट को क्रमशरू 1450 प्रतिशत और 1550 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखने का फैसला किया।

## नेपाल का पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर संचालन शुरू

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल का राष्ट्रीय गौरव माने जाने वाली परियोजना पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन होने के साथ ही नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय विकास में इसके योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रधान मंत्री (जिन्हे प्रचंड के नाम से भी जाना जाता है) को ले जाने वाली बुद्ध एयर की उड़ान को नए हवाई अड्डे पर उतरने पर वाटर कैनन से सलामी दी गई। श्री प्रचंड ने उद्घाटन समारोह में कहा, इस हवाई अड्डे के साथ, पोखरा कई देशों के साथ संपर्क का केंद्र बन गया है।

# नए साल पर भाजपा और कांग्रेस ने बनाया है यह मेगा प्लान, चुनावी साल में बदलेगी तस्वीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए साल पर भाजपा और कांग्रेस ने अपना ऐसा मेगा प्लान बनाया है कि चुनावी साल उनके लिए यादगार हो। इस मैराथन मेगा प्लान की शुरुआत भाजपा और कांग्रेस उत्तर प्रदेश से करने वाली हैं। दोनों पार्टियों के बड़े नेताओं को और संगठन से जुड़े पदाधिकारों को इसका संदेश दिया जा चुका है। कांग्रेस इसकी शुरुआत मंगलवार से करने जा रही है, जबकि भाजपा अगले हफ्ते से उत्तर प्रदेश में बड़ा अभियान चलाएगी।



उत्तर प्रदेश में कांग्रेस भारत में यात्रा के माध्यम से अपने संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ इस साल होने वाले छह अलग-अलग राज्यों के चुनावों में मजबूती की आधारशिला भी इसी राज्य से रखेगी। कांग्रेस पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि पार्टी की ओर से उनको निर्देश मिल चुके हैं कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ-साथ किस तरह से उन्हें संगठनात्मक स्तर पर अपने सिस्टम को मजबूत करना है। सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश के कांग्रेस नेताओं का एक बड़ा दल छत्तीसगढ़ में होने वाले कांग्रेस के बड़े आयोजन में शिरकत करेगा। छत्तीसगढ़ के बाद पार्टी उत्तर भारत के नेताओं को दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर में भी चुनावी अभियान में हिस्सा लेने के लिए भेजेगी।

कांग्रेस पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि क्योंकि इस साल छह राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसलिए पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए बीस-बीस नेताओं के चार ग्रुप बनाने के निर्देश दिए हैं। नेताओं और कार्यकर्ताओं के यह ग्रुप जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां जाकर प्रशिक्षण लेंगे। सूत्रों का कहना है कि इनमें छत्तीसगढ़, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि हिमाचल प्रदेश के नेताओं का भी एक बड़ा दल 26 जनवरी से कांग्रेस की शुरू होने वाली हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी राजनीतिक स्तर पर मध्यप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय जैसे राज्यों में सियासी नींव मजबूत करेगी, बल्कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए भी की तैयारियों को आगे बढ़ाएगी।

कांग्रेस के साथ भाजपा भी सभी छह चुनावी राज्यों के सियासी समीकरणों को साधने के लिए उत्तर प्रदेश की जमीन को चुन रही है। भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में होने वाले निकाय चुनावों से पहले भाजपा के कद्दावर नेता उत्तर प्रदेश की सियासी नब्ज को समझेंगे। इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जल्द ही उत्तर प्रदेश के दौरे पर आने का कार्यक्रम बन रहा है। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि निकाय चुनावों से पहले होने वाली पार्टी की बड़ी बैठक में कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं।

ये फैसले संगठनात्मक स्तर पर संदेश देने के लिहाज से भी अहम होंगे। हालांकि बैठकों में मुद्दे सिर्फ निकाय चुनावों पर ही नहीं, बल्कि देश में होने वाले इस साल छह राज्यों के विधानसभा चुनावों पर भी फोकस करते हुए होंगे। भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में उत्तर प्रदेश में केंद्र के कई बड़े नेताओं का जाना होगा। इस दौरान होने वाली बैठकों में भाजपा उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं को सिर्फ उत्तर प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव ही नहीं, बल्कि 6 राज्यों के विधानसभा चुनावों में जिम्मेदारियों के लिहाज से भी चर्चा करेगी। पार्टी से जुड़े सूत्र तो यह भी बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक स्तर पर कुछ फेरबदल भी किए जाने हैं। हालांकि यह संगठनात्मक स्तर पर फेरबदल कब और कैसे होंगे, इसे लेकर अभी कुछ चर्चा नहीं हुई है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता बताते हैं कि उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक स्तर के वरिष्ठ सदस्यों को देश के अलग-अलग राज्यों में होने वाले चुनावों में संगठन को मजबूत करने और चुनावी रणनीति को साधने के लिहाज से भेजा जाएगा। इनमें से कुछ नेताओं को तो पहले से जिम्मेदारियां दी जा चुकी हैं, जबकि कुछ को इसी महीने के अंत में जिम्मेदारियां देकर अलग-अलग राज्यों में रवाना किया जाएगा।राजनीतिक विश्लेषक हनुमंत प्रसाद कहते हैं कि भाजपा और कांग्रेस पार्टी के लिए यह और अगला साल बहुत महत्वपूर्ण है। खासतौर से केंद्र की सियासत में मजबूती के लिहाज से कांग्रेस जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा चला रही है और हाथ से हाथ जोड़ अभियान चलाने वाली है, वह महत्वपूर्ण है। भाजपा भी विधानसभा ही नहीं बल्कि लोकसभा के चुनावों में कोई कोर कसर छोड़ने वाली नहीं है। हनुमंत कहते हैं कि भाजपा भी उत्तर प्रदेश के साथ अलग-अलग राज्यों में बैठकों के माध्यम से सियासी समीकरण साधेंगे।

## आंदोलनकारियों ने चीनियों को दी ग्वादर बंदरगाह छोड़ने की चेतावनी

### बीआरआइ के खिलाफ बढ़ रहा जनाक्रोश



**बलूचिस्तान, एजेंसी।** ग्वादर राइट मूवमेंट के नेता मौलाना हिदायत उर रहमान ने चीनी नागरिकों को ग्वादर बंदरगाह क्षेत्र से निकल जाने की चेतावनी दी है। द मैरीटाइम एक्जीक्यूटिव की रिपोर्ट के अनुसार, मौलाना रहमान ने ग्वादर क्षेत्र में रह रहे चीनी नागरिकों को धमकी देते हुए कहा है कि अगर सरकार उनके शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को नजरअंदाज करती है, तो लोग अपने अधिकारों के लिए हथियार भी उठा सकते हैं। एशियन लाइट इंटरनेशनल के अनुसार, क्षेत्र में लगभग 500 चीनी नागरिक हैं, जो ग्वादर बंदरगाह परिसर में रहते हैं।

पाकिस्तान की मदद से चीन अपनी महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआइ) के तहत ग्वादर बंदरगाह का विस्तार कर रहा है। इसके खिलाफ ग्वादर में विरोध बढ़ता जा रहा है। इसकी वजह से पाकिस्तान व चीन के आर्थिक संबंधों को नुकसान पहुंच सकता है। पाकिस्तान में रह रहे चीनी नागरिकों पर विभिन्न आतंकी संगठनों के हमले का खतरा मंडरा रहा है। ग्वादर बंदरगाह के विस्तार के खिलाफ दो महीने से ज्यादा समय से विरोध प्रदर्शन जारी है।

बलूचिस्तान में गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए चल रहे प्रदर्शनों के बीच पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने लापता लोगों के मामलों की जांच के लिए एक आयोग का गठन कर दिया है। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान हाई कोर्ट के आदेश के बाद गठित आयोग का नेतृत्व प्रांत के गृह मंत्री जियाउल्ला लैंगौ करेंगे। आयोग गुमशुदा लोगों की वैधानिक प्रक्रिया के तहत तलाश तथा उनके स्वजन की मदद करेगा।

## नोटबंदी पर विपक्ष ने मचाया था देश में हल्ला, सुप्रीम कोर्ट ने फैसले को सही ठहराया: हिमंत बिस्वा सरमा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोटबंदी के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी को लेकर विपक्ष पूरे देश में हल्ला मचाया था, लेकिन साल 2016 के इस एतिहासिक फैसले का कई राज्यों में हुए चुनावी जनादेशों के माध्यम से जनता का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी से काले धन पर लगाम लगी है और इससे डिजिटल भुगतान को बढ़ावा भी मिला है। उन्होंने आगे कहा कि नोटबंदी को अब सुप्रीम कोर्ट ने भी सही ठहराया है।



उन्होंने कहा, नोटबंदी को लेकर विपक्ष ने खुब होहल्ला मचाया था, लेकिन साल 2016 के बाद से कई चुनावी जनादेशों ने इस ऐतिहासिक फैसले को जनता का समर्थन मिला है। नोटबंदी से काले धन पर लगाम लगी है, नक्सली हिंसा पर लगाम लगी है और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही अब सुप्रीम कोर्ट ने इसे सही ठहराया है।

सरमा ने कहा कि विपक्ष ने राफेल डील, आधार एक्ट, पीएम केयर और सेंट्रल विस्टा को असंवैधानिक करार दिया, लेकिन हर बार कानून और जनता की अदालत में गलत साबित हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस बहुमत के फैसले को नजरअंदाज कर देती है। उन्होंने कहा, श्राफेल डील हो, आधार एक्ट हो, पीएम केयर हो या सेंट्रल विस्टा, विपक्ष ने सभी को असंवैधानिक करार दिया लेकिन हर बार कानून और जनता की अदालत में गलत साबित हुआ। कांग्रेस की आदत है कि वह कुछ ही अल्पसंख्यक फैसलों का हवाला देती है।

## कांग्रेस विधायक के वीडियो मामले में एसपी को दिए कार्रवाई के निर्देश : गृह मंत्री

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री ड नरोत्तम मिश्रा ने आज कहा कि कांग्रेस विधायक द्वारा पिस्टल लहराने के मामले में अनूपपुर पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ड मिश्रा ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि कांग्रेस विधायक द्वारा पिस्टल लहरा कर डांस करने से कोई भी अनहोनी हो सकती हैं। अनूपपुर एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कोतमा विधायक सुनील जायसवाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे नए साल की एक पार्टी में हवाई फायरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं।

## जेल में घुसकर की ताबड़तोड़ फायरिंग, 14 की मौत- 24 कैदियों को भगाया

**मेक्सिको सिटी एजेंसी,।** उत्तरी अमेरिकी देश मेक्सिको में शूटआउट की घटनाएं अकसर सामने आती रहती हैं। इस बार कुछ बंदूकधारियों ने जेल में ही हमला कर दिया। साल के पहले ही दिन मेक्सिको कि कुख्यात जेलों में से एक सिउदाद जुआरेज की जेल में गोलीबारी शुरू हो गई जिसमें कम से कम 14 लोग मारे गए। वहीं हमलावरों ने 24 कैदियों को जेल से भगा दिया। आधिकारिक बयान में कहा गया कि कितने लोग जेल में घुसे थे इसकी भी सही जानकारी नहीं है। बताया गया है कि मरनेवालों में 10 जेल के कर्मचारी हैं और 4 कैदी हैं।

इसी तरह बंदूकधारियों ने 20 अक्टूबर 2022 को दक्षिणी मेक्सिको में हमला किया था जिसमें 18 लोग मारे गए थे। हमले में मेयर की भी मौत हो गई थी। जेल में हमला करने वाले हमलावर बख्तरबंद गाडियों में पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने ताबड़तोड़ गोलीबारी शूरू कर दी। गोली चलने के बाद कैदी आपस में भी भीड़ गए। हमला करने वालों ने जेल में घुसने से पहले पुलिस पर भी हमला किया। जानकारी के मुताबिक चार हमलावरों को दबोच लिया गया है वहीं बाकी की तलाश जारी है।

बता दें कि इस जेल में कई कुख्यात और खूंखार अपराधी बंद हैं। ऐसे में इस जेल को काफी खतरनाक भी माना जाता है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि हमले के बाद भी कैदी आपस में लड़ गए। इस झड़प में भी कई कैदी घायल हो गए। जो कैदी फरार हो गए हैं, अब तक उनकी भी पहचान नहीं हो पाई है।

स्थानीय पुलिस के मुताबिक एक ट्रक भी सीज की गई है। इसके अलावा शहर में दो अन्य जगहों पर भी गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई है। हालांकि यह नहीं स्पष्ट है कि इन घटनाओं का आपस में कोई लिंक है या नहीं।

## आईएमएफ की चेतावनी, साल 2023 में विश्व अर्थव्यवस्था का तिहाई हिस्सा मंदी की चपेट में रहेगा

**वाशिंगटन एजेंसी,।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टालिना जर्जीवा ने चेतावनी दी है कि इस साल वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक तिहाई हिस्सा मंदी की चपेट में रहेगा और 2023, 2022 की तुलना में श्कठिन होगा, क्योंकि अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन धीमी अर्थव्यवस्था का सामना करेंगे। बीबीसी ने रविवार को सीबीएस न्यूज से जर्जीवा के हवाले से कहा, हम उम्मीद करते हैं कि विश्व अर्थव्यवस्था का एक तिहाई मंदी में होगा। उन्होंने कहा, यहां तक कि जो देश मंदी की चपेट में नहीं हैं, उन्हें भी मंदी जैसा महसूस होगा। आईएमएफ प्रमुख ने चेतावनी दी कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को 2023 तक एक कठिन शुरुआत का सामना करना पड़ेगा। चीन ने 2022 में सख्त शून्य-कोविड नीति के कारण नाटकीय रूप से धीमा कर दिया है। 40 वर्षों में पहली बार 2022 में चीन की वृद्धि वैश्विक विकास के बराबर या उससे कम होने की संभावना है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा, अगले कुछ महीने चीन के लिए कठिन होगा, और चीनी विकास पर प्रभाव नकारात्मक होगा, क्षेत्र पर प्रभाव नकारात्मक होगा, वैश्विक विकास पर प्रभाव नकारात्मक होगा।यह चेतावनी रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ती कीमतों, उच्च ब्याज दरों और चीन में कोविड-19 महामारी की नई लहर के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव के रूप में आई है।

## इंस्टाग्राम पर रील डाली, औकात दिखाने वालों बचकर रहना, 15 मिनट बाद ट्रेन ने कुचल दिए दोनों दोस्त

**खगडिया, एजेंसी ।** रेलवे ट्रैक पर रील्स बना रहे 2 युवकों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। तीन दोस्त रेलवे ट्रैक पर इंस्टाग्राम रील बना रहे थे और रील्स में उन्होंने लिखा कि 2022 में औकात दिखाने वालों 2023 में बचकर रहना। रील अपलोड होने के 15 मिनट बाद दूसरे ट्रैक पर ट्रेन आ गई। ट्रेन ने दोनों युवकों को कुचल दिया और तीसरा रेलवे ब्रिज से नीचे कूद गया। उसकी हालत गंभीर है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि तीनों दोस्त नव वर्ष को लेकर पिकनिक मनाने जा रहे थे। पैदल जाने के दौरान तीनों युवक रेलवे पुल नंबर 51 होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान सहरसा की ओर जाने वाली जानकी एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। जिसके बाद दो युवक ट्रेन की चपेट में आ गए और ट्रेन से कटकर घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

### दिल्ली पुलिस कर रही लीपापोती

## आप का आरोप- पांच आरोपियों में एक भाजपा नेता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी में सुल्तानपुरी से लेकर कंझावला तक कार से 13 किलोमीटर तक युवती के घसीटे जाने के मामले में दिल्ली की राजनीति गर्मा गई है। इस घटना के बाद सोमवार को आम आदमी पार्टी ने पहले राजनिवास का घेराव किया और अब प्रेस कन्फ्रेंस कर भाजपा पर हमला बोला है। आप के वरिष्ठ नेता व ग्रेटर कैलाश के विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि नए साल पर लड़की को सड़क पर घसीटकर मारने वाला भाजपा का नेता है। इस वजह से मामले पर एलजी और दिल्ली पुलिस लीपापोती कर रही है। सौरभ ने बताया कि सुल्तानपुरी थाने में बंद दरिंदा मनोज मित्तल भाजपा का नेता और मंगोलपुरी वार्ड 42 मंडल का सह-संयोजक है। भाजपा के नेता 12 किमी गाड़ी में लाश फंसाकर चलते रहे और पुलिस कह रही है कि तेज म्यूजिक की वजह से पता नहीं चला। भाजपा की गाड़ी का पीछा करते हुए चश्मदीद गवाह ने दिल्ली पुलिस को 22 कल किए और तीन पीसीआर मिलीं पर किसी ने नहीं रोका। उन्होंने कहा कि साल 2023 की शुरूआत दिल्ली के अंदर एक बहुत दुखद घटना से हुई है। एक सामान्य प्रोटोकल है कि नए साल के जश्न के दिन और आधी रात और उसके बाद तक सड़कों पर लोग मौजूद होते हैं। पुलिस की ओर से जगह-जगह बैरिकेडिंग लगना एक सामान्य प्रोटोकल है। ऐसी रात को दिल्ली पुलिस को सुबह करीब तीन बजकर 22 मिनट पर एक हलवाई की दुकान पर काम करने वाला दुकानदार फोन करके बताता है कि साहब ग्रे कलर की एक बोलेरो गाड़ी जा रही है, जिसमें नग्न अवस्था में एक लड़की फंसी हुई है। वह गाड़ी 20 से 30 की स्पीड में चल रही है, इसे आप देखें। जब दिल्ली पुलिस को 4 बजकर 11 बजे पर कल आती है कि एक जगह पर लड़की की नग्न अवस्था में लाश पड़ी है।

तब पुलिस उस लाश को बरामद करने पहुंचती है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अगर आपकी गाड़ी में एक छोटा-सा पलिथीन भी फंस जाए तो गाड़ी खर-खर की आवाज करती है। जब तक गाड़ी रोकोगे नहीं, तक तब आपको खुद इरिटेशन होती है कि गाड़ी में क्या फंस गया। जबकि इस मामले में गाड़ी में एक लाश फंसी हुई है, 12 किमी तक वो लाश को घसीटते हुए ले जा रहे हैं और गाड़ी में बैठे पाचों आरोपियों को पता ही नहीं चला।

दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त ल एंड अर्डर डक्टर सागर प्रीत हुड्डा ने कंझावला केस को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत दुखद है और पुलिस पीड़ित परिवार के संपर्क में है। पीड़िता के शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों युवती को करीबन 12 से 13 किलोमीटर घसीटा था। आरोपियों पर धारा 304, 304-ए, 279 और 120-बी लगाई गई है। जरूरत पड़ने पर और धाराएं जोड़ेंगे।

हुड्डा ने घटना के बारे में बताया कि लड़की को 12 किलोमीटर तक घसीटा गया था। गाड़ी की फरेंसिक जांच कराई जाएगी। जांच अभी शुरूआती दौर में है। इसके अलावा पोस्टमार्टम के बाद मौत की असली वजह सामने आएगी।

## कनाडा सरकार का बड़ा फैसला, दो साल तक प्रपर्टी खरीदने पर लगाया बैन

**ओटावा , एजेंसी।** कनाडा में सरकार ने विदेशियों के लिए प्रपर्टी खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आवास की कमी का सामना कर रहे स्थानीय लोगों को अधिक घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कनाडा में रेसिडेंशियल प्रपर्टी खरीदने वाले विदेशियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये प्रतिबंध रविवार (1 जनवरी) से प्रभावी हो गया है। हालांकि, अधिनियम में कई अपवाद भी हैं।

सरकार ने फैसला किया है कि विदेशी लोग दो साल तक कनाडा में आवासीय संपत्ति नहीं खरीद पाएंगे। यह प्रतिबंध 1 जनवरी 2023 से लागू हो गया है। सरकार का कहना है कि इससे स्थानीय लोगों के लिए घर उपलब्ध हो सकेंगे। कनाडा के लोग घर की समस्या से परेशान हैं। कनाडा सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध में कुछ अपवाद भी हैं।

शरणार्थियों और स्थायी निवासियों (जो नागरिक नहीं हैं) को घर घरीदने की अनुमति है। प्रतिबंध केवल शहर में बने घरों पर लागू है। ग्रीष्मकालीन कटेज जैसी मनोरंजक संपत्तियों को खरीदने पर रोक नहीं है।

घर की कीमत कनाडा के लोगों के लिए बड़ा मुद्दा है। 2021 के चुनाव में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने वादा किया था कि उन्हें जीत मिलती है तो विदेशी लोगों के घर खरीदने पर दो साल के लिए अस्थायी प्रतिबंध लगाएंगे। जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी ने चुनाव के दौरान कहा था कि कनाडा में घरों की मांग अधिक है। इसने मुनाफाखोरों, धनी निगमों और विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया है। इसके चलते घरों की कीमतें आसमान टू रही हैं।

बड़ी संख्या में घर खाली हैं। उनका इस्तेमाल नहीं हो रहा है। घर लोगों के लिए हैं, निवेशकों के लिए नहीं।

विदेशी लोगों के घर खरीदने पर लगाए गए प्रतिबंध का असर भी दिख रहा है। घरों की कीमत में कमी आ रही है। कैनेडियन रियल एस्टेट एसोसिएशन के अनुसार औसत घर की कीमतें 2022 की शुरुआत में 5.9 लाख अमेरिकी डलर से अधिक के शिखर से गिरकर पिछले महीने 4.65 लाख अमेरिकी डलर पर आ गईं हैं।

## राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु आज राजस्थान के राजभवन में संविधान उद्यान का लोकार्पण करेंगी

**जयपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु राजभवन में नवनिर्मित संविधान उद्यान एवं इससे जुड़े सौंदर्यीकरण कार्यों का 3 जनवरी मंगलवार को लोकार्पण करेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु राजभवन में कथौड़ी एवं सहरिया आदिवासी समूहों के साथ संवाद भी करेंगी।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मंगलवार प्रातरू 1120 बजे यहां स्थापित मयूर स्तम्भ, फ्लैग पोस्ट, गांधी प्रतिमा एवं महाराणा प्रताप की अपने घोड़े चेतक के साथ विश्रान्ति मुद्रा में स्थापित प्रतिमा का अवलोकन करेंगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी की सजा पर लगाई रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2003 में एक जेलर को धमकी देने और उस पर पिस्तौल तानने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें यूपी के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को दोषी ठहराया गया था और सात साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। अंसारी फिलहाल बांदा जेल में बंद हैं। जस्टिस बी.आर. गवई और विक्रम नाथ की बेंच ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया। गैंगस्टर-राजनेता अंसारी ने हाईकोर्ट द्वारा उसे दोषी ठहराए जाने को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। हाईकोर्ट ने पिछले साल सितंबर में अंसारी को इस मामले में बरी करने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने माना कि ट्रायल कोर्ट ने जेलर के सबूतों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया था और केवल उसकी जिरह पर विचार किया था। उन्होंने अंसारी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 353, 504 और 506 के तहत दोषी पाया था।हाईकोर्ट ने धारा 353 के तहत अपराध के लिए अंसारी को दो साल के सश्रम कारावास और 10,000 रुपये का जुर्माना और धारा 504 के तहत अपराध के लिए दो साल की जेल और 2,000 रुपये का जुर्माना और धारा 506 के तहत अपराध के लिए सात साल की जेल और 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया था।

# 20 शॉर्टलिस्ट खिलाड़ियों में नहीं हैं ये पांच खिलाड़ी, शिखर धवन और दीपक चहर का भी नाम हो सकता है शामिल




नई दिल्ली, भारत में होने वाले वर्ल्ड कप 2023 के लिए बीसीसीआई ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। रविवार को बीसीसीआई ने टीम इंडिया की समीक्षा बैठक आयोजित की। इसमें कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ ने आगामी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए 20 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है। संभावना जताई जा रही है इस लिस्ट में कुछ बड़े खिलाड़ियों को नहीं शामिल किया जा सकता है। हालांकि, बोर्ड ने खिलाड़ियों की अभी कोई सूची नहीं जारी की है। फिर भी इसको लेकर क्रिकेट जगत में एक बहस छिड़ गई है कि कुछ खिलाड़ी इस लिस्ट में नहीं शामिल हो पाएंगे। आइए उन पांच खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं, जिनकी संभावना सबसे कम मानी जा रही है।

1. शिखर धवन

शिखर धवन की वापसी टीम में अब मुश्किल मानी जा रही है। धवन 37 साल के हो गए हैं। वह लंबे समय टी20 और टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए घोषित टीम में धवन को जगह नहीं दी गई। 2022 की बात करें, तो कई मौकों पर धवन ने टीम इंडिया की कप्तानी भी की। लेकिन कुछ खास असर नहीं छोड़ पाए। साल 2022 में वनडे की 22 पारियों में 34 की औसत से 688 रन बनाए। इसमें 6 अर्धशतक शामिल है।

2. पृथ्वी शॉ

पृथ्वी शॉ का अब तक का अंतरराष्ट्रीय करियर बहुत ही निराशाजनक रहा है, लेकिन शॉ के पास एक ऑल–फॉर्मेट स्टार बनने की प्रतिभा है। शॉ ने अब तक छह वनडे खेले हैं और 31.50 की औसत से सिर्फ 189 रन बनाए हैं और वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ भारतीय टीम में नहीं शामिल किया है।

3. रुतुराज गायकवाड़

पृथ्वी शॉ की तरह गायकवाड़ ने घरेलू क्रिकेट में मिली सफलता को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहराने के लिए संघर्ष किया है। वह आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए प्रमुख बल्लेबाज हैं, लेकिन भारत के लिए सिर्फ नौ टी20क मैच खेला है, जिसमें 123.85 की स्ट्राइक रेट से 135 रन बनाए हैं। इसके अलावा, उन्होंने अब तक सिर्फ एक वनडे खेला है। गायकवाड़ ने एक मैच में 42 गेंद में 19 रन बनाए।

4. दीपक चाहर

तेज गेंदबाज 2021 के अंत तक यह माना जा रहा था कि दीपक चाहर टी20 विश्व कप में अहम भूमिका निभाएंगे। हालांकि, बार–बार होने वाली पीठ की चोट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से उनकी दूरी बन गई। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक का विकल्प भारत के पास है, हालांकि चाहर अभी भी टीम में अपनी जगह बना सकते हैं। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ मौका टीम में शामिल किया गया है।

5. शार्दुल ठाकुर

मुंबई के तेज गेंदबाज ने बल्ले और गेंद दोनों से भारत के लिए कुछ आकर्षक पारियां खेली हैं। हालांकि, तथ्य यह है कि वह हार्दिक पांड्या जैसे ऑलराउंडर नहीं बन सके।

पांड्या ने पिछले साल बल्ले और गेंद दोनों से फॉर्म में वापसी के साथ, खासकर टी20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। गेंदबाजी में भी वह कुछ खास प्रभावित नहीं कर सके हैं, उन्हें उनकी बल्लेबाजी के चलते टीम में नहीं चुना जा सकता है।

# राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने के बाद भारत का अगला कोच बन सकता है यह पूर्व खिलाड़ी




नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड राहुल द्रविड़ का अनुबंध समाप्त होने के बाद वीवीएस लक्ष्मण को भारतीय टीम के अगले मुख्य कोच बना सकता है। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल 2023 वनडे विश्व कप तक चलेगा। न्यूज18 क्रिकेटनेक्स्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि द्रविड़ को पुरुषों की टीम के मुख्य कोच के रूप में विस्तार पर विचार नहीं करना चाहिए। वहीं, वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में क्रिकेट के प्रमुख लक्ष्मण को अगला मुख्य कोच बनाया जा सकता है। द्रविड़ की अनुपस्थिति में 48 वर्षीय लक्ष्मण को भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। वह जून 2022 में आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज के साथ–साथ इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 और जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम के साथ थे।


**कई मौकों पर लक्ष्मण रह चुके हैं कोच**


जब द्रविड़ कोरोना संक्रमित थे, वह संयुक्त अरब अमीरात में टी20 एशिया कप के 2022 सीजन के लिए भी भारतीय टीम के साथ थे। इसके तुरंत बाद अपने व्हाइट–बॉल दौरे के लिए टीम के मुख्य कोच के रूप में न्यूजीलैंड की यात्रा भी की थी। टी20 वर्ल्ड कप नवंबर 2022 में खत्म हुआ था।

**नए खिलाडियों के साथ भी किया है काम**

एनसीए में खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को तैयार करने के अलावा, लक्ष्मण ने अपने सफल 2022 विश्व कप के लिए भी भारत अंडर–19 टीम के साथ यात्रा की थी और वेस्टइंडीज में अपने अभियान के दौरान युवा टीम के साथ बहुत सक्रिय भूमिका निभाई थी। टीम में विभाजित कोचिंग की संभावना के बारे में पूछे जाने पर बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी के लिए स्प्लिट कोचिंग नहीं होगी। द्रविड़ ने रवि शास्त्री के बाद मुख्य कोच का पद संभाला है। भारतीय टीम टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हार गए और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट और वनडे सीरीज हारने के अलावा 2022 टी20 एशिया कप के फाइनल में नहीं पहुंचे और पांचवें टेस्ट बर्मिंघम में इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

# वह टीम का अहम हिस्सा था पर अब ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद बोले हार्दिक पांड्या




नई दिल्ली, श्रीलंका के खिलाफ भारत की आगामी सीरीज के पहले विकेटकीपर–बल्लेबाज ऋषभ पंत भयानक कार दुर्घटना में घायल हो गए। ऋषभ को आगामी 2023 विश्व कप के लिए और साथ ही टी20क मैचों के लिए भारतीय टीम का एक अभिन्न अंग माना गया था। टी20 कप्तान हार्दिक पांड्या ने भी इसका खुलासा किया।

श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टीम को उम्मीद है कि पंत तेजी से रिकवर करेंगे। हार्दिक ने कहा, ह्लजो हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। एक टीम के तौर पर हम उनके लिए दुआ करते हैं। हमारा प्यार और प्रार्थना हमेशा उनके साथ है और हमें उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द ठीक हो जाएंगे। वह काफी महत्वपूर्ण था, लेकिन हर कोई जानता है कि स्थिति क्या है।

पंत की गैरमौजूदगी में अन्य विकेटकीपर को मिलेगा मौका

पंड्या ने साथ ही कहा कि पंत की गैरमौजूदगी में अन्य विकेटकीपर–बल्लेबाजों के लिए भारतीय टीम में अपनी पहचान बनाने का मौका हो सकती है। पांड्या ने कहा, ह्लबहुत से लोगों को अवसर मिल सकता है। अगर ऋषभ होता तो वह जिस तरह का खिलाड़ी है उससे काफी फर्क पड़ता। अब वह नहीं हैं इसलिए हम देखेंगे कि भविष्य में हमारे लिए कौन बेहतर कर सकता है ह्व

**आज खेला जाएगा पहला टी20 मैच**

श्रीलंका के खिलाफ भारत तीन ळ20क और इतने ही डउक्र मैचों की सीरीज खेलेगा।

## भारतीय टीम को मिली सख्त चेतावनी, श्रीलंका को हल्के में लेने की जरा भी गलती नहीं करें

नई दिल्ली, भारत और श्रीलंका के बीच मंगलवार से तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज का आगाज होगा। भारतीय टीम के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर ने ध्यान दिलाया कि श्रीलंका मजबूत टी20 इंटरनेशनल टीम है और उन्होंने मेजबान टीम को चेतावनी दी है कि आगामी सीरीज में एशिया कप चैंपियन को हल्के में लेने की गलती नहीं करे। बता दें कि भारत और श्रीलंका के बीच पहला टी20 इंटरनेशनल मैच मंगलवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेला जाएगा।

गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के शो फॉलो द ब्ल्यूज में बातचीत करते हुए कहा, 'श्रीलंका की टी20 क्रिकेट में मजबूत टीम है। यह उन्होंने एशिया कप में दिखाया भी। अगर आपके पास प्रतिभा नहीं है तो आप एशिया कप नहीं जीत सकते हैं।

# डेवोन कॉनवे के शतक के बाद सलमान, नसीम के जरिए पाकिस्तान ने वापसी की

नई दिल्ली, कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन समाप्ता हो गया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 309 रन बनाए। कॉनवे और टॉम लाथम की शतकीय साझेदारी के बाद पाकिस्तान के गेंदबाजों ने टीम को वापसी कराई।

न्यूजीलैंड के ओपरनों में टीम को ठोस शुरूआत दिलाई। मेहमान टीम ने पहले दो सत्र में एक विकेट के नुकसान पर 119 और 107 रन बनाए थे। पहला विकेट 134 के स्कोर पर गिरा। वहीं दूसरा 234 के स्कोर पर। पहले टेस्ट मैच में शतक से चूकने वाले डेवोन कॉनवे ने इस मैच में शतक पूरा किया। वह 122 रन बनाकर आउट हुए। वहीं लैथम ने 71 रन की पारी खेली।

**आगा सलमान और नसीम शाह ने किया परेशान**

इन दोनों के आउट होने के बाद पाकिस्तान के गेंदबाजों ने वापसी की। आगा सलमान ने अपने ऑफब्रेक से, जबकि नसीम शाह की रिवर्स स्विंग ने न्यूजीलैंड को परेशान कर दिया। एक समय बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही




न्यूजीलैंड ने आखिरी सत्र के खेल में 45 रन पर पांच विकेट गंवाए। पिछले मैच में दोहरा शतक लगाने वाले विलियमसन इस बार कुछ खास नहीं कर पाए। 36 रन के निजी स्कोर पर नसीम ने उन्हें कैच आउट करवाया।

45 रन पर गंवाए 5 विकेट


पाकिस्तान की तरफ से आगा सलमान ने तीन और नसीम शाह ने दो विकेट चटकाए। वहीं अबरार अहमद को एक विकेट मिला। पहले दिन के खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने 6 विकेट पर 309 रन बना लिए थे। टॉम ब्लंडेल 30 रन और ईश सोढ़ी 11 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों टीमें यह मैच जीतकर अपने हार का सिलसिला तोड़ना चाहेएंगी।

## फिल्मी गपशप

# गोल्डन ग्लोब्स 2023 में शिरकत करेंगे एसएस राजामौली, रामचरण और जूनियर एनटीआर

इन दिनों एसएस राजामौली की दुनियाभर में धूम है। अभिनेता रामचरण और जूनियर एनटीआर की दुनियाभर में दीवानगी है। वजह है उनकी बहुचर्चित फिल्म आरआरआर। फिल्म कई अंतराष्ट्रीय सम्मान पा चुकी है और दुनियाभर के कई मशहूर हस्तियां भी फिल्म की तारीफ कर चुकी हैं। फिल्म को प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड में दो श्रेणियों में नामांकन मिला है। अब खबर आई है कि लॉस एंजेलिस में होने वाले इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में राजामौली और दोनों अभिनेता खुद शामिल होंगे।


गोल्डन ग्लोब्स में आरआरआर को बेस्ट नॉन इंग्लिश लैंग्वेज फिल्म और बेस्ट म्यूजिक के लिए नॉमिनेट किया गया है। 10 जनवरी को लॉस एंजेलिस में होने वाले पुरस्कार समारोह में राजामौली, जूनियर एनटीआर, रामचरण और संगीतकार एमएम कीरावानी खुद शिरकत करेंगे। बियॉन्ड फेस्ट के



आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर यह भी जानकारी दी गई है कि 9 जनवरी को लॉस एंजेलिस के चाइनीज थिएटर में फिल्म दिखाई जाएगी। इससे पहले अक्टूबर में भी यहां फिल्म दिखाई गई थी। फिल्म के गाने नाटु–नाटु को ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है। नाटु–नाटु मूल रूप से तेलुगु गाना है जिसका हिंदी संस्करण नाचो–नाचो भी जारी हो चुका है। गाने का संगीत एमएम कीरावानी ने कंपोज किया है। इसे राहुल सिपलीगंज और काल भैरव ने गाया है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम रक्षित ने की है। इस ग1ााने को म्यूजिक(ऑरिजिनल सॉन्ग) श्रेणी में ऑस्कर के नॉमिनेशन के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2023 में भी आरआरआर ने इतिहास रचा है। यहां इसे बेस्ट पिक्चर, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट विदेशी भाषा फिल्म, बेस्ट विजुअल अफेक्ट और बेस्ट सॉन्ग (नाटु–नाटु) जैसी पांच श्रेणियों में नॉमिनेट किया गया है। राजामौली को फिल्म के लिए न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्कल की तरफ से सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। आरआरआर 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने वाली तीसरी भारतीय फिल्म भी है। दुनियाभर में ख्याति पा रही यह फिल्म 24 मार्च को रिलीज हुई थी। भारत में यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज हुई थी।

# एनिमल' में रणबीर कपूर का पहला 'लुक' जारी

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की लंबे समय से चर्चा हो रही है। यह फिल्म अगले साल अगस्त में रिलीज होगी। फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें भी लीक हुई थीं। इन तस्वीरों में रणबीर और अनिल कपूर क्लीन शेव लुक में नजर आ रहे थे। अब आखिरकार निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर रणबीर का पहला लुक जारी कर दिया है। तस्वीर में रणबीर कुल्हाड़ी लिए सिगरेट पीते हुए नजर आ रहे हैं। एनिमल में रणबीर कपूर और अनिल कपूर साथ नजर आएंगे। इनके अलावा फिल्म में बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म में रश्मिका की जगह पहले परिणीति चोपड़ा को साइन किया गया था। बाद में परिणीति ने इम्तियाज अली की अमर सिंह चमकीला की बायोपिक में काम करने के लिए इस फिल्म को छोड़ दिया था। उन्होंने फिल्म की एक दिन की शूटिंग भी कर ली थी। एनिमल एक क्राइम ड्रामा फिल्म है। निर्माताओं का दावा है कि इसमें रणबीर ऐसे अंदाज में दिखेंगे जैसे उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया। फिल्म में रणबीर एक गैंग्स्टर के किरदार में दिखेंगे। रणबीर पहली बार नकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। खुद एक इंटरव्यू में रणबीर ने कहा था कि वह कुछ ऐसा करने जा रहे हैं जिससे उनके प्रशंसक हैरान हो जाएंगे। कोई उनसे इस तरह के किरदार की उम्मीद नहीं करता है।



फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में पांच भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण भूषण कुमार की टी–सीरीज ने किया है। इसका लेखन और निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है। फिल्म सभी किरदारों के बीच के असहज रिश्तों की कहानी है। इनसे जूझते हुए आखिर में फिल्म का मुख्य किरदार स्वभाव में जानवर (एनिमल) बन जाता है। फिल्म के बारे में इन जानकिरयों के बाद अब दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस साल रणबीर कपूर की शमशेरा और ब्रह्मास्त्र रिलीज हुई थी।

# शेफाली शर्मा ने रियालिटी शो बिग बॉस को लेकर रखी अपनी राय



टीवी की जानी मानी एक्ट्रेस शेफाली शर्मा ने विवादित रियालिटी शो बिग बॉस को लेकर अपनी बात रखते हुए अपने पसंदीदा प्रतियोगी को लेकर बात की है। बिग बॉस करने के बारे में पूछे जाने पर शेफाली ने कहा, मैं शो करने को लेकर थोड़ा सशंकित हूं क्योंकि मुझे नहीं पता कि मैं इसमें फिट हो पाऊंगी या नहीं।

लेकिन दर्शकों का एक अलग तबका है जो रियलिटी टीवी देखता है। रियालिटी शो के अपने फायदे और नुकसान हैं।शेफाली ने कहा, एक बहुत प्रसिद्ध कास्टिंग एजेंसी के समन्वयक ने मुझसे पूछा कि वह बिग बॉस के लिए मेरे नाम की सिफारिश करना चाहते हैं, लेकिन मैंने कहा नहीं, यह मेरे बस की बात नहीं है।

मैं लड़ाई–झगड़ो का हिस्सा नहीं बन सकती हूं।बिग बॉस के सभी सीजन से अपने पसंदीदा प्रतियोगी के बारे में पूछे जाने पर, संजोग की अभिनेत्री ने कहा, शहनाज गिल मेरी पसंदीदा प्रतियोगी हैं क्योंकि उन्होंने कभी भी कुछ भी दिखावा करने की कोशिश नहीं की और वह देखने में मजेदार हैं और उनके साथ पंजाबी कनेक्शन भी है।

# विवेक अग्निहोत्री की द वैक्सीन वॉर में मुख्य भूमिका निभाएंगे नाना पाटेकर

द कश्मीर फाइल्स की सफलता के बाद अब निर्देशक विवेक अग्निहोत्री अपनी आगामी फिल्म द वैक्सीन वॉर की तैयारियों में जुट गए हैं। विवेक ने हाल ही में जानकारी दी थी कि उन्होंने लखनऊमें फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। परंतु, निर्देशक ने फिल्म की स्टार–कास्ट से जुड़ी कोई जानकारी साझा नहीं की थी। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म में नाना पाटेकर मुख्य भूमिका निभा सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, विवेक की आगामी फिल्म द वैक्सीन वॉर में पाटेकर अहम भूमिका में हैं। द वैक्सीन वॉर में विवेक की पत्नी पल्लवी जोशी भी हैं, जिन्होंने फिल्म द कश्मीर फाइल्स से बड़े पर्दे पर वापसी की थी। निर्देशन मधुर भंडारकर की फिल्म इंडिया लॉकडाउन (2022) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गोपाल सिंह भी द वैक्सीन वॉर में नजर आने



वाले हैं। इसके अलावा, अभिनेत्री दिव्या सेठ भी फिल्म का हिस्सा हैं।

पाटेकर को आखिरी बार तमिल फिल्म काला (2018) में देखा गया था, इस फिल्म में उनके साथ साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत भी थे। पाटेकर की साल 2020 में फिल्म इट्स माई लाइफ और 2022 में फिल्म तडक़ा भी रिलीज हुई थी। परंतु, ये दोनों विलंबित प्रोजेक्ट्स थे। अब साल 2023 में, उनकी तीन फिल्में (द वैक्सीन वॉर, द कन्फेशन और गुजराती फिल्म चल जीवन लाई का मराठी रीमेक) रिलीज हो सकती हैं। द वैक्सीन वॉर के जरिए विवेक, कोरोना वॉरियर के संघर्ष को बड़े पर्दे पर दिखाने की कोशिश करने वाले हैं। इस फिल्म में कोविड–19 के खतरे को कम करने के लिए पूरे भारत में चलाए गए अब तक के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के बारे में दिखाया जाएगा। यह फिल्म 11 भाषाओं में अगले साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पर 15 अगस्त को रिलीज होगी। फिल्म के प्रोडक्शन का काम विवेक की पत्नी और अभिनेत्री पल्लवी संभाल रही हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com